जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 71 प्रभात बीकानेर, मंगलवार 1 अक्टूबर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

## सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के मु.मंत्री चंद्रबाबू नायडू को लताड़ लगाई

### 'आप संवैधानिक पद पर बैठे हैं, बिना वैरिफाई किए कोई खबर जारी करना जिम्मेवारी का काम नहीं है'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 सितम्बर। राजनैतिक उद्देश्यों के लिए धर्म के उपयोग पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने आज आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाते हुये कहा कि उन्होंने सुप्रसिद्ध तिरुमला तिरुपति मंदिर में "प्रसादम" के रूप में लड्डू तैयार करने के लिये मिलावटी घी के उपयोग के बारे में सार्वजनिक बयान दे दिया। अदालत ने कहा कि सरकार द्वारा आदेशित जाँच के नतीजे की प्रतीक्षा किये बिना ही उनके द्वारा इस प्रकार का बयान देना सर्वथा अनुचित था।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई तथा के.वी. विश्वनाथन की बैंच ने कहा, "हम यह अपेक्षा रखते हैं कि भगवान राजनीति से दूर रखे जायें।" बैंच ने यह जानना चाहा कि जब इस मामले की जाँच के आदेश दिये जा चुके हैं तथा रिपोर्ट प्रतीक्षित है तो ऐसी स्थिति में क्या सार्वजनिक बयान देना जरूरी था।

बैंच ने कहा, "प्रथम दृष्टया, हमारा मानना है कि जब जाँच-पड़ताल

- सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. गवई और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की बैंच ने कहा, तिरुपति मंदिर के प्रसादम में पशु चर्बी मिलाई जा रही है, इस बात की सरकार द्वारा शुरु कराई गई जाँच की रिपोर्ट आने तक मुख्यमंत्री नायडू को इतज़ार करना चाहिए।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सरकारी जाँच रिपोर्ट आए बिना ही ऐसी घोषणा करना मामले का राजनीतिकरण करने जैसा है। बैंच ने कहा, "कम से कम भगवान को तो राजनीति से दूर रखिए।"
- सुप्रीम कोर्ट में प्रसादम में पशु चर्बी की मिलावट की स्वतंत्र जाँच की माँग करते हुए कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, राज्यसभा सांसद और तिरुपति तिरुमला देवस्थान के पूर्व चेयरमैन वाय. सुब्बारेड्डी, इतिहासकार सम्पत, आध्यात्मिक गुरु दुष्यंत श्रीधर व पत्रकार सुरेश चव्हाण शामिल हैं। मामले पर अब 3 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

प्रक्रियाधीन है, इतनी उच्च संवैधानिक सत्ता (नायडू) के लिये ऐसा बयान देना उचित नहीं था, जो करोड़ों लोगों की भावनाओं को प्रभावित कर सके।" बैंच ने यह तय करने के लिए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की सहायता चाही कि क्या आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित एस.आई.टी. जारी रहने देनी चाहिए या जाँच का काम किसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंप दिया जाना चाहिये।

अदालत ने मेहता से कहा कि वे इस मुद्दे पर केन्द्र से निर्देश ले लें। इसके बाद, इस प्रकरण की अगली सुनवाई के लिये 3 अक्टूबर की तिथि मुकर्रर कर दी।

तिरुपति मंदिर में प्रसादम तैयार करने के लिये जानवरों की चर्बी के कथित प्रयोग की स्वतंत्र जाँच कराने की माँग करने वाली याचिकाओं की सुनवाई करते हुये, उच्चतम न्यायालय ने यह जानना चाहा कि क्या यह कहने का कोई प्रमाण है कि लड्डू बनाने में दूषित घी काम में लिया गया।

याचिकाकर्ताओं में शामिल हैं- भाजपा नेता सुब्रमन्यम स्वामी, वाई.वी. सुबा रेड्डी, जो राज्यसभा सांसद हैं और तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाले "तिरूपति तिरुमाला देवस्थानम" के पूर्व चेयरमैन हैं। इतिहासकार विक्रम सम्पत, आध्यात्मिक गुरु दुष्यन्त श्रीधर तथा सुदर्शन न्यूज़ एडिटर-इन-चीफ सुरेश चव्हाण।

मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है तथा अगर तिरुपति मंदिर में लड्डू बनाने में दूषित घी का उपयोग हुआ था, तो यह अस्वीकार्य है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कोलकाता की एतिहासिक विरासत "ट्राम" बंद होंगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 सितम्बर। ममता बनर्जी ने ट्राम- सेवाएं बन्द करने का निर्णय लिया है। ज्ञातव्य है कि कोलकाता में पहली ट्राम 24 फरवरी, 1873 को चली थी। अभी हाल ही, 2013 में कोलकाता में ए.सी. ट्राम चलना शुरु हो गई है। लेकिन यह अभी तय नहीं है कि क्या सभी ट्राम एक साथ ही बन्द कर दी जायेंगी। इसके अलावा,

- पश्चिम बंगाल सरकार ने अंततः "ट्राम" सर्विस बंद करने का निर्णय ले लिया है। कोलकाता में 24 फरवरी 1873 को ट्राम सेवा शुरु हुई थी।

इन्हें बन्द करने की तिथि भी घोषित नहीं की गई है।

कोलकाता ऐसा एकमात्र शहर है, जहां ट्राम अभी भी चलती हैं। मुम्बई, दिल्ली, चेन्नई, पटना तथा नासिक जैसे उपनिवेशीय नगरों में ये पहले ही बन्द हो चुकी हैं। कोलकाता अब तक अपनी इस "विरासत एवं सांस्कृतिक प्रतीक" को सहेजे हुये था, लेकिन वर्तमान सरकार ने इन्हें बन्द करने का निर्णय आखिर ले ही लिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल गांधी की हरियाणा के लिए सौगातें

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 सितम्बर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के बैंक खाते में सीधे ही प्रतिमाह 2,000 रूपए डाले जाएंगे तथा गैस सिलैंडर 700 रूपए की बजाय 500 रूपए में मिलेगा। सामाजिक सुरक्षा के लिए पुरानी पैंशन योजना लागू की जाएगी। विधवाओं, बूढ़ों व दिव्यागों के लिए प्रति माह 6,000 रूपए दिये जाएंगे।

राहुल हरियाणा के अम्बाला जिले की नरसिंहगढ़ सीट पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, जहाँ 5 अक्टूबर को चुनाव होना है। उन्होंने कहा कि जो पैसा केन्द्र सरकार ने अडानी-अम्बानी को दिया, उसे सरकार किसानों, मजदूरों, गरीबों व दलितों के सम्मान में खर्च करेगी।

राहुल ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने और कर्ज में राहत देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि यह सब बहुत आसान है क्योंकि कांग्रेस पैसा गरीबों को देगी, यह पैसा उन्हीं की जेब से छीना गया है। केन्द्र सरकार अडानी का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ करती है, हमारी योजना हरेक गरीब महिला के खाते में एक लाख रूपए ट्रांसफर करने की है। क्यों न किसानों के कर्ज माफ किए जाएं।

उन्होंने 2 लाख राज्य कर्मचरियों से लेकर हरियाणा के युवा को उसके हक का सम्मान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि गरीबों को 100 गज के भूखंड दिए जाएंगे तथा घर बनाने के लिए साढ़े तीन लाख रूपए भी दिए जाएंगे। इसके अलावा, 300 युनिट बिजली फ्री दी जाएगी। उन्होंने किसानों, मजदूरों और गरीबों के बैंक खातों में रूपए ट्रांसपर करने की बात कही।

- राहुल गांधी ने महिलाओं के बैंक खाते मे प्रति माह 2,000 रूपए हस्तान्तरित करने, गैस सिलैंडर 500 रूपए में के देने की घोषणा की।
- राहुल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो पुरानी पैन्शन योजना वापस लायी जाएगी, साथ ही विधवाओं बुजुर्गों व दिव्यांगों को प्रति माह 6,000 रूपए दिए जाएंगे।
- राहुल ने कहा, केन्द्र सरकार अडानी का 16 लाख रूपए का कर्ज माफ करती है, हम चाहते हैं किसानों का कर्जा माफ हो। हम उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देते हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा दस साल से सत्ता में है। उसने जनता को कोई सम्मान नहीं दिया, बल्कि देश की रक्षा कर रहे सैनिकों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान देश के अन्नदाता हैं। किसानों ने अपनी एकता से सरकार को तीनों काले कृषि कानून वापस लेने को मजबूर किया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा का युवा दिल्ली, मुम्बई व अन्य शहरों में जाता है काम के लिए, पर उसे अपने राज्य में सम्मान नहीं मिलता। जिन्हें अग्निवीर में शामिल होने का कहा गया है, उन्हें चार साल बाद बेरोजगारी से लड़ने को छोड़ दिया जाता है।

हरियाणा के युवा में आत्म सम्मान है। पहलवानों को सड़कों पर उतरना पड़ा। हरियाणा के युवा को आत्म सम्मान के लिए लड़ना पड़ा। वहीं राज्य की भाजपा सरकार सिर्फ घोटालों में उलझी रही।

## दुनिया भर में बढ़ रही है भारत की वंदे भारत ट्रेन की मांग

### कम लागत और अत्याधुनिक विशेषताओं के प्रति खास आकर्षण है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 सितम्बर। कई देशों, जिनमें चिली, कैनडा, मिडिल ईस्टर्न देश, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका, मलेशिया, यहाँ तक कि कुछ विकसित यूरोपियन देश भी शामिल हैं, ने अपने रेल सिस्टम का आधुनिकीकरण करने और परिवहन सेवा का विस्तार करने के लिए वंदे भारत को खरीदने में रुचि दिखाई है।

वंदे भारत ट्रेन का आधुनिक डिज़ाइन, अत्याधुनिक तकनीक और कम लागत तथा क्षेत्र की जरूरत के आधार पर बदलाव करने की विशेषता इन देशों को आकर्षित कर रही है।

इसकी सबसे प्रमख विशेषता है, कम लागत। ऐसी विशेषताओं वाली ट्रेन किसी अन्य देश में बनती है, तो उस पर 160-180 करोड़ रूपए की लागत आती है, पर भारत में एक ट्रेन के निर्माण पर 120 से 130 करोड़ रूपए की लागत आती है।

- वंदे भारत में वाई फ्राई, जी.पी.एस. स्वचालित दरवाजे और आरामदायक सीटें हैं। ऐसी ट्रेन बनाने में विदेश में 160 से 180 करोड़ रु. लगते हैं, पर वंदे भारत ट्रेन के निर्माण में 120 से 130 करोड़ रु. की ही लागत आती है।
- यही वजह है कि चिली, इण्डोनेशिया, मलेशिया, बांग्लादेश, अरब देश, दक्षिण अफ्रीका व कैनडा ये ट्रेन खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। यही नहीं, विकसित यूरोपियन देश भी ये ट्रेनें खरीदना चाहते हैं।
- वंदे भारत ट्रेन मात्र 52 सैकण्ड में 0 से 100 किलोमीटर की रफ्तार पकड़ लेती है और इसने जापान की बुलेट ट्रेन को भी मात दे दी है, जिसे ऐसा करने में 54 सैकण्ड लगते हैं। इसके अलावा यह हवाई जहाज की तुलना में 100 गुना कम शोर करती है और ऊर्जा की खपत भी कम होती है।

रफ्तार पकड़ने के मामले में भी वंदे भारत प्रतिद्वंदियों को मात दे सकती है। शून्य से 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ने में वंदे भारत को मात्र 52 सैकण्ड लगते हैं। यहाँ तक कि जापान की बुलेट ट्रेन को भी इसमें 54 सैकण्ड लगते हैं।

हवाई जहाज की तुलना में वंदे भारत ट्रेन में 100 गुणा कम शोर होता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के अवॉर्ड

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 सितम्बर। प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये "दादा साहेब फालके" अवॉर्ड दिये जाने की घोषणा सोमवार को कर दी गई। उन्हें यह अवॉर्ड विज्ञान भवन में अक्टूबर में आयोजित होने वाले इंडियन नैशनल फिल्म अवॉर्ड समारोह में दिया जायेगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी

- प्रधानमंत्री मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

वैष्णव ने सलैक्शन जूरी द्वारा घोषित अवॉर्ड की घोषणा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहाः "मुझे बड़ी खुशी है कि मिथुन चक्रवर्ती जी को प्रतिष्ठित दादा साहेब फालके अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है। यह अवॉर्ड उन्हें भारतीय सिनेमा में उनके अतुलनीय योगदान के लिये दिया जा रहा है। वे उनके विविधतापूर्ण प्रदर्शन के लिये सभी पीढ़ियों के प्रशंसित सांस्कृतिक नायक हैं। उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं।"

## 'जूनियर डॉक्टर्स से किए गए वादों पर काम क्यों नहीं हो रहा?'

### सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाई

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 सितम्बर। कोलकाता के आर.जी. कार मैडिकल कॉलेज में हुई युवा लेडी डॉक्टर की नृशंस हत्या के केस में सुप्रीम कोर्ट ने जूनियर डॉक्टरों द्वारा उठाए गए मुद्दों को त्वरित गति से संबोधित करने में असफल रहने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाई है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने राज्य सरकार से पूछा कि जूनियर डॉक्टरों से जो वादे किए गए थे, वो काम इतनी धीमी गति से क्यों चल रहे हैं। जितने भी काम करवाने के वादे किए गए थे, उनमें पचास प्रतिशत प्रगति भी नहीं हुई है। इनमें सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाना तथा जूनियर डॉक्टरों के लिए सुविधाओं का निर्माण करवाना शामिल है।

जितना काम हुआ है, उसका रिव्यू करने के बाद, चीफ जस्टिस ने कहा कि जो काम करवाने का वादा किया गया था, उनमें बहुत धीमी प्रगति रही है।

जूनियर डॉक्टर, जो मूलतः मैडिकल ट्रेनी हैं, ने हत्या के केस में आरोपी की शिनाख़्त तथा माकूल मुकदमा चलाने की मांग की है। उन्होंने बीमारों की देखभाल के समय जूनियर डॉक्टरों के लिए समुचित सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की मांग भी की है।

- चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड़ ने कहा, सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने, टॉयलेट व रैस्ट रूम जैसी सुविधाओं के निर्माण में सरकार बहुत धीमी गति से काम कर रही है।
- इतने बड़े हादसे के बाद भी राज्य सरकार डॉक्टर्स की सुरक्षा के प्रति लापरवाह बनी हुई है। हाल ही में एक सरकारी अस्पताल में मरीज़ की मौत पर डॉक्टरों और नर्सों के साथ मरीज़ के परिजनों ने मारपीट की।

जूनियर डॉक्टरों ने शिकायत की थी कि उनको न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं मिली हुई हैं, जैसे कि लंबी ड्यूटी के बाद आराम करने की जगह, समुचित सुरक्षा व्यवस्था तथा सुचारु ढंग से काम करने के लिए आवश्यक इसी प्रकार की अन्य सुविधाएं।

सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण स्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे इन्स्टॉल करने, जूनियर डॉक्टरों के लिए सुविधाओं और विशिष्ट टॉयलट सुविधाओं जैसे कार्यों की प्रगति को मॉनिटर किया।

तथापि, सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई मॉनिटरिंग में सामने आया कि राज्य सरकार को सुपुर्द किए गए अधिकतर कार्य हुए नहीं हैं। सी.सी.टी.वी. कैमरे नहीं लगे हैं और ना टॉयलैट सुविधाओं का निर्माण किया गया है।

दोनों तरफ से दिए गए "वर्क कम्पलीशन डेटा" तथा दस्तावेजों की जांच करने के बाद, कोर्ट ने महसूस किया कि इन कार्यों में नाम मात्र की प्रगति भी नहीं हुई है।

इतना ही नहीं, हिंसा की नई घटनाएं सामने आई हैं। राज्य सरकार के अस्पताल, सागर दत्ता मैडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में एक मरीज की मृत्यु के बाद, वहाँ के डॉक्टरों और नर्सों को जनता के घूसों और धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा।

मरीज के रिश्तेदारों ने डॉक्टरों के साथ मार पिटाई की है। इस घटनाक्रम ने स्थिति को और जटिल कर दिया है तथा इससे सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था का अभाव सामने आया है।

## वायु सेना के नये प्रमुख ने कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली, 30 सितम्बर। एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने वायु सेना के नये प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया।

वायु सेना के अनुसार, एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी।

एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्हें

- एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह को विभिन्न प्रकार के विमानों पर 5000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है।

वायु सेना मुख्यालय वायु सेना भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने नये वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल सिंह को कार्यभार सौंपा। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वायु सेना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

एयर चीफ मार्शल सिंह को 21 सितम्बर को नया वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्हें दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना की फाइटर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## महाराष्ट्र सरकार ने गाय को "राज्य माता" घोषित किया

मुंबई, 30 सितंबर। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को भारत में गायों के सांस्कृतिक महत्व और उसकी परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को "राज्य माता" घोषित करने का आदेश जारी किया।

- महाराष्ट्र मंत्रिमण्डल ने देशी गायों के पालन -पोषण के लिये 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का भी निर्णय लिया है।

आधिकारिक आदेश में महायुति सरकार ने कहा कि गाय भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और प्राचीन काल से ही इसका आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सैन्य महत्व रहा है।

आधिकारिक अधिसूचना में शिंदे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आदमखोर पैंथर ने पुजारी को सातवां शिकार बनाया

### उदयपुर शहर से सटे बड़गांव उपखंड में पैंथर पहुँचने से दहशत फैली

उदयपुर, 30 सितम्बर (निसं)। उदयपुर जिले के गोगुंदा क्षेत्र के गांवों में आतंक फैला रहा आदमखोर पैंथर गोगुंदा से बड़गांव पहुंच गया है, जहां सोमवार तड़के उसने सातवां इंसानी शिकार किया। आदमखोर पैंथर उदयपुर शहर से सटे बड़गांव उपखंड क्षेत्र की मदार पंचायत के राठौड़ों का गुढ़ा गांव में मंदिर के पुजारी, विष्णु गिरी को मारकर खा गया। मंदिर से 400 मीटर दूर मक्के के खेत में पुजारी का क्षत-विक्षत शव मिला है। सूचना मिलने पर कलेक्टर अरविंद पोसवाल सहित पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए गांव के स्कूल की छुट्टी कर दी गयी है और ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि पैंथर आदमखोर हो चुका है और अब वह बार.बार इंसानों पर ही हमले करेगा। आमदखोर पैंथर के पैटर्न को देखते हुए विशेषज्ञ बता रहे हैं कि एक शिकार के बाद अगला शिकार वह 4 से 5 किलोमीटर के रेडियस में कर रहा है। पुलिसकर्मी, वनकर्मी और आर्मी के जवान और ग्रामीणों की 20 अलग-अलग टीमें बनायी गयी हैं, ये सभी टीमें वनक्षेत्र और आस-पास के संभावित स्थानों पर आदमखोर पैंथर की तलाश कर रही हैं। पुलिस डॉग स्क्वॉड तथा आर्मी के अत्याधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों को लाउड स्पीकर के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है कि आने वाले दो-तीन दिन घर के बाहर न सोएं, रात को घर से बाहर न निकलें और जब भी घर से बाहर निकलें तो समूह बनाकर ही जाएं।

- विशेषज्ञों के अनुसार, पैंथर एक शिकार के बाद 4 से 5 किलोमीटर के रेडियस में दूसरा शिकार कर रहा है। पुलिस, वन विभाग, सेना व ग्रामीणों की 20 टीमें पैंथर की तलाश में लगी हैं।

राठौडों का गुढ़ा के ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात, गवरी कार्यक्रम के चलते रात तीन बजे तक गांव में चहल-पहल थी। रात तीन बजे तक ग्रामीणों ने पुजारी विष्णु गिरी को देखा भी था।

पुजारी मंदिर के बाहर सो रहे थे। सुबह जब लोग मंदिर पहुंचे तो जमीन पर खून पड़ा देख उन्हें अंदेशा हुआ। कुछ ही देर में सैकडों ग्रामीण इकट्ठे हो गए। आसपास पुजारी की तलाश की तो करीब 400 मीटर दूर मक्के के खेत में पुजारी का क्षत-विक्षत शव मिल गया। पैंथर ने पिछले शिकारों की तरह ही, पुजारी का शिकार कर शव खाया था। मौके पर पैंथर द्वारा हमले के निशान भी मिले, जिसके बाद ग्रामीणों ने सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पुलिस को सूचना दी। उदयपुर में पैंथर ने 11 दिन में 7 लोगों का शिकार कर लिया है।

घटना की सूचना मिलने पर डी.एफ.ओ. अजय चित्तौड़ा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पैंथर को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाया।

पिछले दिनों हुए कुछ हमलों के बाद वन विभाग अब तक चार पैंथर पकड़ चुका है, फिर भी हमले नहीं रुक रहे हैं। लेकिन, अब तक ये पता नहीं चल पा रहा है कि ये हमले एक ही पैंथर ने किये या अलग-अलग पैंथर हैं। लगातार हो रहे इन हमलों ने वन विभाग और प्रशासन को चिंता में डाल दिया है।

पैंथर के हमले उदयपुर के गोगुंदा और झाडोल में हुए हैं। हमले में पैंथर किसी का हाथ उखाड़ कर ले गया तो किसी का सिर धड़ से अलग कर दिया। 28 सितंबर की रात हुए हमले में मौत का शिकार हुई महिला गट्टू बाई का एक हाथ आज तक नहीं मिला। सिर पर इतने पंजे मारे कि गिनना भी मुश्किल था। उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने रविवार को वन विभाग और पुलिस प्रशासन के साथ मीटिंग की।

बैठक में तय किया गया कि उदयपुर में इको सिस्टम ठीक करने के लिए हिरण, सांभर और खरगोश जैसे जानवरों को गोगुंदा और झाड़ोल के इलाकों में छोड़ा जाएगा। एक वैन चलाई जाएगी जो गांव-गांव जाकर लोगों से अपील करेगी कि अकेले वन्य क्षेत्र में न तो मवेशी चराने और न चारा लेने के लिए ही जाएं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों से बातचीत में सामने आया है कि इलाके का इको सिस्टम दुरुस्त किया जाना चाहिए। इसके अलावा और भी कई गैप सामने आए हैं। इन्हें आगामी दिनों में ठीक करने का प्रयास किया जायेगा।

## विचार बिन्दु

**मुट्ठी भर संकल्पवान लोग जिनकी अपने लक्ष्य में दृढ़ आस्था है, इतिहास की धारा को बदल सकते हैं। –महात्मा गांधी**

# क्या यही सुशासन है?

क्या आप सोचते हैं कि राजस्थान के नागरिकों को सुशासन मिल रहा है? यदि आपका उत्तर 'हां' है, तो एक बार निम्न परिदृश्यों पर दृष्टि अवश्य डालें और उसके बाद अपनी अंतिम राय बनाएं।

परिदृश्य –1 गत सप्ताह भरतपुर में एक 6 वर्षीय बालिका पर घर के बाहर आवारा कुत्तों ने आक्रमण करके उसके चीथड़े–चीथड़े कर दिए और वह दुनिया से विदा हो गई। यह घटना कोई पहली नहीं है और न ही आखिरी। इससे पहले भी जयपुर एवं अन्य शहरों में पालतू एवं आवारा कुत्तों द्वारा अबोध, निरपराध व्यक्तियों को घायल किया गया अथवा मार दिया गया। न केवल कुत्तों, अपितु आवारा गायों एवं सांडों के द्वारा भी जयपुर के विभिन्न मार्गों में आने–जाने वाले राहगीरों को सदैव, सींगों से मारे जाने/ घायल किए जाने का खतरा बना रहता है।

हमारे एक परिचित के घर के बाहर, बहुत बड़ी संख्या में आवारा पशु एकत्रित होने लगे तो उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम में की । पता लगा कि ये सभी किसी डेयरी की पालतू गायें थीं, जिन्हें खुले में छोड़ दिया गया था। नगर निगम द्वारा उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाती । जब उन्होंने नगर निगम में शिकायत की तो उनके घर पर कुछ लठैत पहुंच गए और धमकी देने लगे कि यदि अब इस बारे में आपने कुछ भी किया तो आपका घर से निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। अपने परिजनों और स्वयं की जान की परवाह करते हुए उन्होंने इस बारे में न केवल चुप्पी साध ली अपितु उन्हें पशुओं के मालिक से माफी तक मांगने को मजबूर किया गया। नगर निगम के अधिकारी संभवतया, डेयरी मालिकों से नियमित वसूली करते हैं। यह समस्या न केवल एक मोहल्ले की नहीं, अपितु पूरे जयपुर शहर की है।

परिदृश्य –2 इस वर्ष जयपुर में औसत की दुगनी से भी अधिक वर्षा हुई, जिसके कारण बीसलपुर सहित लगभग सभी बांध न केवल भर गए बल्कि उनमें से बड़ी मात्रा में अतिरिक्त पानी व्यर्थ बह गया। इतनी अधिक वर्षा के बावजूद जयपुर की कई कॉलोनियों में पेयजल की आपूर्ति लगभग नहीं के बराबर है। लोगों को निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिसका काम ही नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराना है, के अधिकारी स्वयं लोगों को पानी के टैंकर खरीदने की लिए सलाह दे रहे हैं। इस बारे में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को अनेक बार शिकायत बावजूद भी कोई सुधार नहीं हुआ । यह निष्कर्ष निकालना गलत नहीं होगा कि टैंकर सप्लाई करने वाले ठेकेदारों और पेयजल विभाग के अधिकारियों की कोई साठ–गांठ है। यह भी संभव है कि टैंकरों के ठेकेदार, दो जगह से भुगतान प्राप्त कर रहे हों – विभाग से और संबंधित कॉलोनी के नागरिकों से भी। इसे आप और कुछ भी कहें, सुशासन तो नहीं ही कह सकते हैं।

परिदृश्य –3 कुछ दिन पूर्व हमारे एक निकट परिचित के घर की विद्युत आपूर्ति वाली केबल को नगर निगम का तेज गति से चलने वाला ट्रक तोड़कर निकल गया। इसके कारण उनके घर की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई । यह बात सांय 5:00 बजे की है। उन्होंने संबंधित फोन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर दी और कई बार उन्हें स्मरण करने के बाद भी कोई से ठीक करने वाला नहीं आया। जब उन्होंने मुझे लगभग 7:00 बजे फोन कर यह बताया तो जयपुर विद्युत वितरण निगम के पुराने परिचित अधिकारियों को फोन किया । उन्होंने सहायता देने का आश्वासन दिया। इसके बाद लगभग 9:00 बजे हमारे परिचित के पास एक संदेश फोन के माध्यम से आया कि उनकी विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई है। यह एक दम गलत था क्योंकि जे वी वी एन एल की कोई टीम नहीं आई और स्थिति वही थी। एक बार फिर संबंधित अधिकारियों को फोन कर बताया। तब जाकर, लगभग 10 बजे कर्मचारी आए और उन्होंने केबल बदलकर विद्युत आपूर्ति प्रारंभ की। इस दौरान उनके वयोवृद्ध पिताजी बिजली के अभाव में परेशान होते रहे। पहले उन्होंने उपभोक्ता से केबल लाने हेतु कहा। विचित्र बात कि नगर निगम के ट्रक ने टक्कर मारकर केवल तोड़ और वे उस पर कोई ध्यान न दे, किंतु उपभोक्ता को केबल लाने के लिए कहें।

परिदृश्य –4 राजस्थान में शराब की दुकानें बंद होने का समय रात्रि 8 बजे है। यह आम दृश्य है कि 8 बजे के बाद देर रात तक इन दुकानों से शराब बेची जाती है। यदि आप कार या मोटर साइकिल से इन दुकानों के पास से गुजरें तो आपके पास कोई व्यक्ति पहुंच जाएगा जो आपके गाड़ी में ही शराब उपलब्ध करा देगा। इस बारे में मीडिया में सचित्र खबरें आती रहती हैं किंतु अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। इन दुकानों के पास की लाइटों तो तोड़ कर बंद कर दिया जाता है ताकि अंधेरे में इस अवैध बिक्री को आसानी से किया जा सके। अंधेरे के कारण भले घरों की महिलाओं और परिजनों के लिए वहां से निकल पाना भी असंभव हो जाता है।

**यह एक सामान्य धारणा बनती जा रही है कि देश में राज कानून का नहीं है। जिस सरकार में कानून का राज नहीं हो, वहां सुशासन का तो प्रश्न ही नहीं उठता। उपरोक्त 11 उदाहरणों से तो यही सिद्ध होता है कि राजस्थान सुशासन से अभी कोसों दूर है। सरकार को केवल उपरोक्त परिस्थितियों से जनता को बचाना है। तब ही, सुशासन की केवल बात नहीं अपितु नागरिकों को अनुभव भी होगा।**

परिदृश्य –5 राजस्थान की कई नदियों से बजरी खनन करने पर उच्चतम न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय की रोक है। इसके बावजूद, यह सामान्य जानकारी है कि जयपुर में विभिन्न सड़क मार्गो से बजरी के ट्रक और ट्रैक्टर प्रतिदिन हजारों की संख्या में शहर में प्रवेश करते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार सिरोही जिले में एक ट्रक से लगभग 500 की वसूली की जाती है । यदि प्रतिदिन 1000 ट्रक निकलते हैं तो उनसे लगभग 5 लाख रुपए प्रतिदिन अर्थात डेढ़ करोड़ रुपये प्रतिमाह और एक साल में लगभग 20 करोड रुपए की वसूली पुलिस एवं खनन विभाग के लोगों द्वारा अवैध रूप से की जाती है। क्या इस सुशासन कहेंगे?

जब अधिकारियों का प्रमुख उद्देश्य ही अवैध रूप से वसूली करना हो जाए तो कानून के पालन की बात करना ही बेमानी हो जाएगा ।

परिदृश्य–6 केंद्र सरकार ने आदेश जारी किए हैं कि कोचिंग संस्थान में किसी को 16 वर्ष की उम्र से पहले प्रवेश नहीं दिया जाएगा, किंतु किसी भी कोचिंग संस्थान में चले जाएं , वहां 16 साल के कम आयु के बच्चे बड़ी संख्या में धड़ल्ले से पढ़ते हुए मिल जाएंगे। कई बड़े–बड़े निजी विद्यालयों ने तो अपने परिसर में ही कोचिंग संस्थान को कक्षा चलाने के लिए स्थान उपलब्ध करा दिया है। उनके स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से स्कूल और कोचिंग संस्थान दोनों फीस वसूल करते हैं। स्कूल द्वारा वसूल की गई फीस विशुद्ध आय का साधन बन जाती है क्योंकि बच्चों को पढ़ने के लिए उन्हें कोई शिक्षक रखने की आवश्यकता नहीं है । शिक्षक तो कोचिंग संस्थान वाले स्वयं अपने अनुसार लगाते हैं। प्रश्न यही है कि जब सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 16 साल से कम बच्चों को कोचिंग में भर्ती करने पर रोक लगा रखी है, तो फिर यह स्थिति क्यों और कैसे है ?

परिदृश्य–7 पुलिस के नियम अनुसार किसी भी सार्वजनिक मार्ग पर वाहन खड़ा करना वर्जित है। पार्किंग केवल वहीं की जा सकती है जहां 'पार्किंग' का बोर्ड लगा हो। पार्किंग के बोर्ड बहुत कम जगह लगे हैं । वास्तव मे सड़कों का आधे से अधिक हिस्सा वाहनों की पार्किंग के काम आ रहा है। जयपुर में लगभग 90 प्रतिशत वाहन अवैध रूप से सड़कों पर खड़े रहते हैं। यह पुलिस की मनमर्जी पर है कि वह कब आपका वाहन किसी खुली सड़क से भी उठाकर ले जाए। आप जयपुर की किसी भी सड़क पर चले जाएं, चाहे शहर के अंदर हो या बाहर, सड़कों का आधे से अधिक भाग वाहनों की पार्किंग के ही काम आ रहा है। वाहनों के आवागमन के लिए जगह ही नहीं बचती है। सवाल यही है कि सरकार के कानून का क्या हुआ? सुशासन का तो अर्थ ही यही है कि कानून का राज हो और उसे स्थापित करने का दायित्व सरकार का है।

परिदृश्य –8 आवासीय भवनों का व्यवसायिक उपयोग कानूनन नहीं किया जा सकता। वास्तव में जयपुर की लगभग सभी आवासीय कॉलोनियों में होटल, कोचिंग संस्थान, क्लीनिक, दुकानें आदि बने हुए हैं। उच्च न्यायालय के अनेक निर्णय एवं निर्देशों के बावजूद अभी तक इनमें से अधिकांश ने अपने भूमि उपयोग का परिवर्तन नहीं कराया है और रूपांतरण की कार्रवाई नहीं हुई है। इस के कारण इन स्थानों पर सड़कों से निकलना ही मुश्किल हो गया है। छोटे छोटे भू खंडों में बहु मंजिला व्यावसायिक परिसर बनने से पानी, सिवरेज और सड़कों पर अत्यधिक दबाव हो गया है। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

परिदृश्य –9 बिना बिल के सामान बेचने से सरकार को जीएसटी नहीं मिलती है। यह माना गया था कि जीएसटी आने के पश्चात, कर चोरी समाप्त हो जाएगी, किंतु इस पर कोई अंतर नहीं पड़ा है। यदि कोई ग्राहक कानून की पालना करने की दृष्टि से बिल मांगता है तो, दुकानदार कहता है कि आपको और अधिक राशि देनी पड़ेगी। इसका अर्थ यही हुआ कि अधिकांश बिक्री दुकानों पर बिना जीएसटी के होती है । यदि यह सारा जीएसटी वसूल हो जाए तो सरकार की आय कितनी बढ़ सकती है, इसका केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है । बिल मांगने वाले ग्राहक को अधिकांशतया मूर्ख या खलनायक ही माना जाता है।

परिदृश्य– 10 वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की बात कई सालों से की जा रही है। इसके लिए अंतिम तिथि भी निर्धारित कर दी जिसका मीडिया में बहुत प्रचार–प्रसार भी किया गया। जिन लोगों को प्रयास के बावजूद हाइ सिक्योरिटी प्लेट लगवाने की कोई तिथि नहीं मिल पा रही थी, उन्हें निर्धारित शुल्क 700 रुपए के स्थान पर 2000 रुपए तक एजेंट को देने पड़े। कुछ दिनों पूर्व राजस्थान के परिवहन मंत्री ने यह बयान दे दिया कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता नहीं है । सरकार के इस एक अनिर्णय के कारण करोड़ों रुपए वाहन मालिकों को खोने पड़े। यदि कोई निष्पक्ष संस्था इसका ऑडिट करे कि किसी भी सरकारी विभाग के जो कानून हैं, उनका पालन कितना हो रहा है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि कानून केवल किताबों की शोभा बढ़ा रहे हैं और वास्तविकता में उनकी क्रियान्विति लगभग नगण्य है । जिस कानून के नितांत अव्यावहारिक होने के कारण उसका उल्लंघन 90 प्रतिशत लोग कर रहे हैं, उसे लागू कराया जाना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में कानून, केवल भ्रष्टाचार को बढ़ाने का ही काम करता है। कानून व्यावहारिक हो और उसका पालन करना सरल हो तो, कुछ लोग जो अपवाद स्वरूप इसकी अवहेलना कर रहे हों, उन पर कठोरतम कार्रवाई की जा सकती है।

यह एक सामान्य धारणा बनती जा रही है कि देश में राज कानून का नहीं है। जिस सरकार में कानून का राज नहीं हो, वहां सुशासन का तो प्रश्न ही नहीं उठता। विभागीय अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किए बिना सुशासन की कल्पना बेमानी है। उपरोक्त 11 उदाहरणों से तो यही सिद्ध होता है कि राजस्थान सुशासन से अभी कोसों दूर है। सरकार को केवल उपरोक्त परिस्थितियों से जनता को बचाना है। तब ही, सुशासन की केवल बात नहीं अपितु नागरिकों को अनुभव भी होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# ई-रिक्शा: रोजगार का साधन या व्यापार का जरिया?



**सुनील दत्त गोयल**

भारत और विशेष रूप से राजस्थान में, ई–रिक्शा चालकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। यह एक ओर आम नागरिकों के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन बनता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इसे व्यावसायिक मुनाफे के लिए उपयोग कर रहे हैं। इस प्रथा में, बड़ी संख्या में ई–रिक्शा खरीदे जाते हैं और इन्हें किराए पर चलाने के लिए उपलब्ध कराया जाता है।

ई–रिक्शा खरीदने और उन्हें किराए पर चलाने की इस प्रथा ने एक नया व्यापार मॉडल तैयार कर दिया है। सामान्यत:, एक व्यक्ति 10, 15, 20, या 50 तक ई–रिक्शा खरीद लेता है और उन्हें बड़े पैमाने पर किराए पर देता है। गरीब और बेरोजगार व्यक्ति, जिनके पास खुद का ई–रिक्शा खरीदने के लिए पैसे नहीं होते, वे इन्हें 200 से 500 रुपये प्रतिदिन के किराए पर लेते हैं।

हालांकि, इस प्रथा में कई समस्याएं उभरकर सामने आई हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह व्यापार मॉडल रोजगार की तुलना में व्यावसायिक मुनाफे पर अधिक केंद्रित है। इसे सूदखोरी का एक नया रूप माना जा सकता है, जिसमें उच्च किराए के चलते गरीब चालकों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है। इसके अलावा, एक ही व्यक्ति या कंपनी द्वारा बड़ी संख्या में ई–रिक्शा का स्वामित्व शहरों में ट्रैफिक जाम का प्रमुख कारण बन रहा है। अधिक रिक्शाओं के चलते सड़कों पर भीड़ बढ़ रही है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

ई–रिक्शाओं की अधिकता से सड़कों पर यातायात की गति धीमी हो जाती है, विशेषकर व्यस्त बाजारों और शहरी क्षेत्रों में। इस स्थिति ने पैदल यात्रियों और अन्य वाहनों के लिए भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में, ई–रिक्शाओं की लंबी कतारें ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न करती हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। सरकार को इस समस्या का समाधान करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए, जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे इस प्रकार के ई–रिक्शा के पंजीकरण की स्कैनिंग करें। यदि किसी एक व्यक्ति या पते पर असामान्य संख्या में ई–रिक्शा पंजीकृत पाए जाते हैं, तो उनका पंजीकरण रद्द किया जाना चाहिए। इस प्रकार के कदम उठाकर, न केवल सूदखोरी पर अंकुश लगाया जा सकेगा, बल्कि जरूरतमंद नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ाए जा सकेंगे।

इसके अलावा, शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए, ई–रिक्शाओं के लिए विशेष लेन बनाने या समय सीमा तय करने जैसे उपाय भी अपनाए जा सकते हैं। इस तरह की नीतियों से न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान होगा, बल्कि यह क्षेत्र एक स्वस्थ और स्थायी रोजगार का स्त्रोत भी बन सकेगा। सरकार और स्थानीय प्रशासन को मिलकर इस दिशा में काम करना चाहिए ताकि ई–रिक्शा चालक समुदाय की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रहे। धन्यवाद।

**–सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक**
**इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जयपुर, राजस्थान**

# डायबिटीज भोजन का वैज्ञानिक विश्लेषण



**डॉ. रामावतार शर्मा**

डायबिटीज एक दीर्घकालिक रोग है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने त्वरितकालिक रोगों के पचार में तो शानदार सफलताएं हासिल की हैं पर, सारे प्रयत्नों और अनुसंधानों के बावजूद दीर्घकालिक रोगों के मामले में कोई विशेष सफलता नहीं मिली है। सारे प्रयत्नों के बावजूद ऐसे रोगों में थोड़ा बहुत नियंत्रण या फिर उनका एक दो प्रतिशत निवारण ही मिल पाया है। मधुमेह भी ऐसा ही एक रोग है जहां एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी और नैचुरोपैथी के प्रैक्टिशनर दावे तो बड़े जोर से करते हैं पर कुछ मात्रा में रोग नियंत्रण के अलावा कोई बड़ी संतोषजनक और सर्व व्यापक सफलता हासिल नहीं हुई है। आजकल सोशल मीडिया पर इस क्षेत्र में कई महागुरुओं (?) का भी अवतरण हुआ है जो चमत्कारिक परिणामों का दावा करके लोगों को भ्रमित करते हैं। कुछ ऐसे तथाकथित महाज्ञानी भी हैं जिन्होंने सीधे तौर पर अपने जीवन में एक भी रोगी नहीं देखा पर मीडिया के माध्यम से करोड़ों लोगों को रोगमुक्त करने के दावे ठोकते रहते हैं। धन लाभ की लालसा नैतिक मूल्यों को कहीं पर धकेल देती है।

डायबिटीज नियंत्रण के लिए जीवनशैली परिवर्तन एक ऐसा मार्ग है जहां रोगी को सर्वाधिक लाभ हो सकता है और उसका आर्थिक बोझ भी कम हो सकता है क्योंकि जो फायदे होंगे उनमें मधुमेह नियंत्रण के अलावा उच्च रक्तचाप, कैंसर रोकथाम, मस्तिष्क संबंधी विकार और मानसिक तनाव जैसी स्थितियों में भी लाभ मिलेगा। जीवनशैली दीर्घायु और सामाजिक सार्थकता भी प्रदान करती है। सार्थक जीवनशैली में भोजन की गुणवत्ता एक अतिमहत्वपूर्ण पक्ष है जो हमारे तन और मन दोनों को तरोताजा एवम् तंदुरुस्त रखता है। यहां बात चाहे डायबिटिक भोजन पद्धति की हो परंतु लाभ सभी दीर्घकालिक रोगों के नियंत्रण या रोकथाम दोनों में कुछ न कुछ सीमा तक अवश्य होगा। इसलिए इस बात को ग्रहण करना बेहतर होगा।

ऐसा लगता है कि सभी दीर्घकालिक रोगों का एक प्रमुख कारण शरीर की कोशिकाओं में इन्फ्लेमेशन (प्रज्वलन) के फलस्वरूप उत्पन्न सूजन होता है और संतुलित भोजन इस सूजन में कमी लाता है जिसके फलस्वरूप दीर्घकालिक रोगों की उत्पति पर लगाम लगना संभव होता है।

डायबिटीज के इलाज का प्रथम बिंदु भोजन परिवर्तन है जो कि व्यवसायीकरण के फलस्वरूप दवा की गोली द्वारा परास्त हो गया है पर अब समय आ गया है कि इस बिंदु को इसका स्थान फिर से दिया जाए। यदि आप मधुमेह के रोगी हैं तो अपने खानपान में निम्न लिखित परिवर्तन करें। सर्वप्रथम तो गेहूं को सामान्य चक्की की बजाय पत्थर की चक्की में पीसें। गेहूं बुरा अन्न नहीं है बशर्ते इसे छिलके के साथ पत्थर की चक्की में पीसा जाए। चाहे आप महिला हों या पुरुष, यदि आप डायबिटिक हैं तो अपने घर में पत्थर की चक्की से आटा पीसें। रेशे से भरपूर होगा यह आटा, चक्की चलाने से आपके पेट की चर्बी कम होगी और आपकी कमर पतली होने से आप पर वस्त्र भी अच्छे फबेंगे। करिए यह कार्य और स्वास्थ्य पाने की दिशा में पहला कदम उठाइए। विद्युत चालित पत्थर चक्की भी काम में ली जा सकती है। बंद कीजिए मैदा, फ्रूट ब्रेड, टोस्ट आदि सब कुछ और प्रारंभ कीजिए मिस्सी या बेजड़ की रोटी और देखिए ब्लड शुगर के स्तर की गिरावट।

मजे से सेवन कीजिए सेव, खुमानी का आनंद लीजिए, काली बेरी, नीली बेरी, अंगूर, आड़ू, आलूबुखारा, रसभरी और स्ट्राबेरी का आप डायबिटिक हो कर भी आनंद ले सकते हैं। सूखे फल और मेवे, मतीरा या तरबूज, पाइन एप्पल, केला और खजूर सीमित मात्रा में सेवन करें। फल का रस कम मात्रा में लें। शकरकंद और याम मजे से उपभोग करें। आज से आलू की मात्रा कम कीजिए और शकरकंद अपनाइए। ओट्स एक शानदार खाद्य पदार्थ है, आराम से बेधड़क सेवन कीजिए। कच्चे बादाम, कच्चे काजू, कच्चे अखरोट, कच्ची मूंगफली और सूरजमुखी के बीजों का संतुलित सेवन बिना किसी हानि के किया जा सकता है। काले चने, पिंटो और हरी फली के साथ अन्य किसी भी फली के उपयोग की स्वतंत्रता एक डायबिटिक को है। यदि सामाजिक मान्यता बीच में न आए तो लहसुन, चर्बी वाली मछलियां और दही का सेवन आराम से किया जा सकता है।


अंत में जो बातें महत्वपूर्ण हैं उनमें से पहली तो व्यक्ति में रोग की स्थिति है। यदि रोग लंबे समय से और अच्छी तरह से नियंत्रित नहीं है तो आप अपने चिकित्सक की सलाह से उपरोक्त भोज्य पदार्थों की मात्रा में परिवर्तन करें। दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु भोजन का समय है जो आपको जीवनपर्यंत बेहतर स्वास्थ्य की स्थिति में रख सकता है। आपका सुबह का खाना 10 बजे के आसपास और रात का खाना 6.30 के आसपास पर हर हालत में 8 बजे से पहले होना चाहिए। भोजन का पूर्ण पाचन होने में 3 घंटे का समय लगता है, आपका लिवर रात के 11 बजे निंद्रा की स्थिति में चला जाता है जिसके फलस्वरूप आप जो कुछ भी भोजन में ठाहण करेंगे वह चर्बी या ग्लूकोज में परिवर्तित हो कर आप के रक्त शर्करा स्तर को बढ़ा देगा इसलिए रात को 8 बजे से पहले आपका भोजन समाप्त हो जाना चाहिए। दोपहर के समय फल, सलाद या कुछ हल्का कलेवा रखिए ताकि भूख न सताए। पूर्ण स्वास्थ्य लाभ एक साधना है जो बिना लगन संभव नहीं है। चयन व्यक्ति स्वयं को करना होता है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# आठ साल से जंजीरों में बंधे निर्मल की सुध लेने पहुंची मेडिकल टीम

## मेडता विधायक, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, एसडीएम ने इलाज के लिए निर्देश दिये

**मेड़तासिटी,** (निसं)। मेड़ता ब्लॉक के बासनी सेजा का निर्मल ढोली जो आठ साल से बेड़ियों से बंधा हुआ था, उसकी सूचना प्रशासन को मिलते ही तुरंत प्रभाव टीम एक्शन मोड में आई। वहीं मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू ने समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत से वार्ता कर पीड़ित परिवार को मदद दिलाई जाने की वार्ता की। वहीं मेड़ता ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के तंवर व बासनी सेजा चिकित्सा प्रभारी डॉ. विहान शर्मा मेडिकल टीम के साथ पीड़ित के निवास स्थान पहुंचे और पीड़ित परिवार से पूछताछ कर इलाज के लिए आश्वाशन दिया।



**बासनी सेजा के निर्मल ढोली के परिजनों से मेडिकल टीम ने जानकारी ली।**

ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के तंवर ने बताया कि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज सोनी ने पीड़ित परिवार की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी जिसको लेकर मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल ने चिकित्सा विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश देकर पीड़ित परिवार के निवास स्थान पर मेडिकल टीम भेजी। मेडिकल टीम ने पीड़ित निर्मल ढोली के माता–पिता से वार्ता कर पूर्ण रूप से आश्वाशन दिया और इलाज से लिए मेडिकल टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेडिकल टीम में, सुमित नागर, महेंद्र टेलर, नर्सिंग ऑफिसर सुमन चौधरी, अनिल गुर्जर, हिम्मत सिंह सहित मेडिकल टीम पीड़ित परिवार के पास पहुंची और पीड़ित परिवार से वार्ता की। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी तंवर ने बताया कि पीड़ित का चेकअप किया गया है। पीड़ित के पास मंगलवार को एक मेडिकल टीम पहुंचेगी और

- **बासनी सेजा का निर्मल ढोली आठ साल से जंजीरों में जकड़ा हुआ है, वह सुन नहीं सकता है, मंदबुद्धि है, मानसिक रूप से विकसित नहीं है**

एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ले जाया जाएगा जहां उचित इलाज दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार बासनी सेज़ा निवासी निर्मल ढोली जिसकी दिव्यांग माता सुमडी जो कि पेंशन से अपना जीवन यापन घर खर्च चलाती है। वहीं पीड़ित के पिता रामचंद्र दिहाड़ी करके अपने जीवन का यापन करते हैं। पीड़ित निर्मल (16) जो आठ साल से जंजीरों में जकड़ा हुआ है, वह सुन नहीं सकता है मंदबुद्धि है, मानसिक रूप से विकसित नहीं है।

## राशिफल मंगलवार 1 अक्टूबर, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र प्रात: 9:16 तक, शुक्ल योग रात्रि 2:17 तक, विष्टि करण प्रात: 8:13 तक, चन्द्रमा आज सायं 4:02 से कन्या राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–मिथुन, बुध–कन्या, गुरू–वृष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा प्रात: 8:23 तक है। आज चौदस का श्राद्ध है। आज विष शास्त्रादि से मृतकों का श्राद्ध है। महापात योग दिन 1:30 से सायं 5:40 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:20 से 10:48 तक, लाभ–अमृत 10:48 से 1:45 तक, शुभ 3:13 से 4:42 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:10

### मेष




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष




घर–परिवार में महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में आपसी अनबन बढ़ सकती है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मिथुन




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### कर्क




व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

### सिंह




व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या




आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा।

### तुला




आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

### वृश्चिक




व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ



परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मीन



स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# देशभर के 1100 मूक-बधिर बच्चों को हुनरमंद बनाने की दिशा में पहल : गहलोत

**बीकानेर, (कासं)।** मूक-बधिर बच्चों में कौशल विकास के लिए डागा पैलेस में आयोजित पांच दिवसीय शिविर में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को शिरकत की।

महावीर इंटरकोन्टिनेटल सर्विस आर्गेनाइजर और अनाम प्रेम संस्थान द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि महावीर इंटरकोन्टिनेटल सर्विस आर्गेनाइजर द्वारा मूक-बधिर बच्चों के कौशल प्रशिक्षण के लिए मानव सेवा के भाव से ओतप्रोत यह शिविर समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने शिविर के आयोजकों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी और कहा कि हर हाथ को हुनरमंद बनाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है।



महावीर इंटरकोन्टिनेटल सर्विस आर्गेनाइजर और अनाम प्रेम संस्थान द्वारा मूक-बधिर बच्चों को हुनरमंद बनाने के प्रशिक्षण को पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने संबोधित किया।

वंचित वर्ग के बच्चों के विकास और उन्हें आजीविका के लायक बनाने की दिशा में ये संस्थाएं सराहनीय काम कर रही है। रोजागारोन्मुखी शिक्षा इन बच्चों के लिए अति आवश्यक है। हाथ का हुनर सीख कर आगे चलकर ये बच्चे आत्मनिर्भर बनेंगे तथा देश के विकास में भी योगदान दे सकेंगे। कुमावत ने इस कार्य में सरकार के सतत सहयोग की बात कही और कहा कि वंचित और कमजोर वर्ग को राहत देने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है।

इस अवसर पर समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि महावीर इंटरकोन्टिनेटल सर्विस आर्गेनाइजर तथा अनाम प्रेम संस्था द्वारा देशभर के 1100 मूक-बधिर बच्चों को हुनरमंद बनाने की दिशा में यह अभिनव प्रयास किया गया है। यह शिविर हर हाथ को हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के सपने को साकार करने की दिशा में अहम योगदान देगा।

उन्होंने कहा कि मूक-बधिर पैदा होना विधि का विधान है लेकिन इन संस्थानों के सहयोग से इस श्रेणी के बच्चों को भी समाज की मुख्य धारा में लाया जा सकेगा। हुनर के जरिए वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। समाज के वंचित वर्ग को उत्थान के लिए किया गया मानव सेवा का यह कार्य अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा इस वर्ग के लिए सहायक अंग व उपकरण उपलब्ध करवाए जाते हैं। इन बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए भी सहयोग किया जा रहा है। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सुशीला कंवर राजपुरोहित ने भी इस अभिनव प्रयास की बधाई दी।

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से डॉ मनीष बिश्नोई ने इस शिविर के अभ्यर्थियों द्वारा दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में मूक-बधिर बच्चों को एक साथ शैक्षणिक भ्रमण करवाने को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। साथ ही एक साथ हजार से अधिक मूक-बधिर बच्चों द्वारा राष्ट्रगान परफार्म करने को भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में रिकॉर्ड के रूप में दर्ज किया गया है।

महावीर इटरकोन्टिनेटल सर्विस आर्गेनाइजर के अध्यक्ष पुष्प जैन ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि इस शिविर में देशभर के 1100 बच्चों को विभिन्न विषयों पर कौशल प्रशिक्षण देकर सहानुभूति के स्थान पर सह

■ **महावीर इंटरकोन्टिनेटल सर्विस और अनाम प्रेम संस्थान द्वारा मूक-बधिर बच्चों को पांच दिवसीय कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया**

अनुभूति देने का प्रयास किया गया है। जन्मजात अंधेपन से पीड़ित बच्चों के हुनर विकास के लिए भी संस्था द्वारा शिविर आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम में संस्था के महासचिव लोकेश कावडिया ने शिविर में दिए गए विभिन्न प्रशिक्षणों और दिनचर्या की जानकारी दी तथा संस्था की गतिविधियों के बारे में बताया।

इस अवसर पर चम्पालाल गेदर, ओमप्रकाश दिहाणी, कैलाश कुमावत, राजेश कोचर, शुभकरण बोथरा, बसंत नोलखा, सुशील डागा, कार्यक्रम के संयोजक वीर विजय सिंह डागा, अनाम संस्था से सतीश नागरे, अजय सेठिया, सुमन छाजेड़, मंजू जैन, मीना लखोटिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक, मूक बधिर विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मीसो तथा अनाम प्रेम के पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। महावीर कोनटिनेटल और अनाम प्रेम द्वारा आयोजित शिविर में एक हजार से अधिक बच्चों को विभिन्न विषयों में कौशल प्रशिक्षण दिया गया।

## पुस्तक 'भवन वास्तु एवं हवेली स्थापत्य' का लोकार्पण

**बीकानेर,(कासं)।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सीरियर फैलो व सिस्टर निवेदिता कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रीतेश व्यास की पुस्तक 'भवन वास्तु और हवेली स्थापत्य' का लोकार्पण होटल भंवर निवास में किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष और वक्ता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. बी. एल. भादानी थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कृति प्रारम्भ है अंत नहीं। अभी बीकानेर के भवनों पर काम होना काफी बाकी है। लेकिन डॉ रीतेश ने जो शुरूआत की है वह तारीफ के काबिल है। उन्होंने कहा कि रीतेश ने हवेलियों को उन पक्षों को उजागर करने की पूरी कोशिश की है जो अब तक अनछुए थे। पत्थर की बारीक नक्काशी के साथ-साथ लकड़ी के कारीगरी को भी बखूबी प्रकाश में लाने का प्रयास किया है।

प्रो. भादानी ने कहा कि हवेली भारतीय शब्दावली से निकला शब्द नहीं है, यह फारसी का शब्द है। फौज के अस्थाई निवास को भी हवेली कहा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही काम होने चाहिए जो धरोहर संरक्षण के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण हो। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त आर्टिस्ट महावीर स्वामी ने बीकानेर की चित्रशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी हवेलियों को चार चांद लगाने में यहां के चित्रकारों का भी भरपूर योगदान रहा। उन्होंने कहा कि न केवल उस्ता बल्कि चूनगर समुदाय ने भी कलम से काम किया। रीतेश व्यास ने उस कलाकारी को अपनी पुस्तक में स्थान दिया यह बहुत महत्वपूर्ण है।

## सार-समाचार

### क्वानकिडो डिस्ट्रिक्ट चैम्पियनशिप




क्वानकिडो डिस्ट्रिक्ट चैम्पियनशिप के विजेताओं को मैडल व प्रमाण पत्र वितरित किए।

**बीकानेर, (कासं)।** डिस्ट्रिक्ट क्वानकिडो एसोसिएशन बीकानेर के सानिध्य में वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी के तत्वावधान में पुरानी गिन्नानी स्थित वैदिक मल्टी परपज स्पोर्ट्स हॉल में बीकानेर डिस्ट्रिक्ट क्वानकिडो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी धनंजय सारस्वत ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट चैम्पियनशिप में पीवी, चिल्ड्रन, सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर तथा सीनियर मेल एंड फिमेल खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्ग में भाग लिया। सारस्वत ने बताया कि इंडी विजुअल फाइट, टीम फाइट, इंडी विजुअल क्वान्स, पेयर क्वांस तथा टीम क्वांस इवेंट में एथलीट्स ने अपना कौशल दिखाया। वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने 35 स्वर्ण पदक जीतकर विनर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं डांगी मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण पदक जीतकर सेकंड ट्रॉफी तथा आरपीएस मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने 15 स्वर्ण पदक जीतकर थर्ड ट्रॉफी अपने नाम की। डिस्ट्रिक्ट गोल्ड व सिल्वर मेडलिस्ट खिलाड़ियों का आगामी स्टेट क्वानकिडो चैम्पियनशिप हेतु चयन किया गया। राजस्थान स्टेट क्वानकिडो चैम्पियनशिप आगामी 6 अक्टूबर को बीकानेर में आयोजित की जायेगी। जिला स्तरीय क्वानकिडो प्रतियोगिता के विजेता खिलाडियों को राजकीय उमा विद्यालय प्रधानाचार्य रामकिशोर पटेल, राजकीय उमा विद्यालय बछासर वरिष्ठ अध्यापक प्रदीप रावत, राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम उमावि खारा के वरिष्ठ अध्यापक अरूण शर्मा, क्वानकिडो एसोसिएशन राजस्थान के स्टेट प्रेसीडेंट देवेन्द्र सारस्वत तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांत खेल संयोजक हिमांशु सारस्वत द्वारा मैडल व सर्टिफिकेट्स प्रदान किये गये।

### सदस्यता अभियान की समीक्षा



भाजपा सदस्यता महा अभियान की समीक्षा बैठक को संभाग प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत ने संबोधित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें बीकानेर संभाग प्रभारी डॉक्टर दशरथ सिंह शेखावत ने बीकानेर शहर सदस्यता अभियान की समीक्षा कर अभियान की जानकारी ली। आगामी दिनों में किस तरह से अभियान चलेगा उसकी जानकारी दी। दशरथ सिंह शेखावत ने कहा कि सदस्यता अभियान अपनी गति से चल रहा है। अब हमें गति और तेज करनी है जिसमें 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर बूथ स्तर पर सफाई अभियान चलाया जायेगा। उसके बाद बूथ पर ही महा अभियान चलाकर सदस्य बनाने का लक्ष्य रहेगा। आगामी दिनों में महा अभियान जारी रहेगा जो 14 अक्टूबर तक चलेगा। प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए लक्ष्य से ज्यादा सदस्य जिलाध्यक्ष विजय आचार्य के नेतृत्व में बीकानेर शहर में बनेंगे ये विश्वास है। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा कि हमारे मोर्चे और मंडल लगातार जिले, मंडल, बूथ स्तर तक सक्रिय है। बीकानेर में महा सदस्यता अभियान में प्रदेश नेतृत्व दिए गए हर लक्ष्य को हम पूरा करेंगे। आज की बैठक में अभियान के संयोजक श्यामसुंदर चौधरी, महामंत्री मोहन सुराणा, नरेश नायक, उप महापौर राजेन्द्र पंवार, पूर्व विधानसभा प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, बीकानेर पश्चिम प्रभारी गोपाल गहलोत, महावीर चारण, विजय उपाध्याय, गोपाल अग्रवाल, भारती अरोड़ा, मोर्चा अध्यक्ष वेदव्यास, सुमन छाजेड, सोहनलाल चांवरिया, राजाराम सिंगढ़, मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गहलोत, दिनेश महात्मा, मुकेश ओझा, विनोद करोल, अभय पारीक, जेठमल नाहटा, नेमीचंद, पूनमचंद पूनिया, तरुण स्वामी, पुखराज स्वामी, मनीष श्रीमाली उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**बीकानेर, (कासं)।** नालन्दा पब्लिक स्कूल के जगन्नाथ पुरोहित फुटबॉल, युवराज ओझा क्रिकेट व गायत्री कुमावत भारोतोलन में बीकानेर जिले से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ये छात्र क्रमशः मां भगवती विद्यापीठ उ.मा.वि. तसीमो धोलपुर, राउप्रा वि रामडी ब्लॉक झालरापाटन (झालावाड़), कुड़ी, जोधपुर 68वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में बीकानेर का प्रतिनिधित्व करेंगे। गायत्री कुमावत ने 81 किलो भार वर्ग में बीकानेर जिले में सर्वाधिक वजन उठाकर प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर उसका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। शाला प्राचार्य राजेश रंगा ने इन तीनों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। खेल प्रशिक्षक श्यामसुन्दर चूरा ने भी इन खिलाड़ियों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

# सैनिक की अंत्येष्टि के वक्त अफसरों पर भड़के हनुमान बेनीवाल

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के पांचू में सैनिक रामस्वरूप कस्वां की 5 दिन बाद राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ कि सांसद हनुमान बेनीवाल अफसरों पर भड़क गए।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में गत मंगलवार को ड्यूटी के दौरान सैनिक रामस्वरूप की गोली लगने से मौत हो गई थी। बुधवार देर शाम शव बीकानेर मिलिट्री स्टेशन पहुंचा था। इसी बीच जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बीकानेर जिला प्रशासन को पत्र भेजकर रामस्वरूप की मौत का मामला शहादत का नहीं होने की सूचना दी। इसके बाद सैनिक परिवार ने शव लेने से इनकार कर धरना शुरू कर दिया था।

चार दिन बाद आखिर गतिरोध टूटा और सैनिक रामस्वरूप कस्वां की पार्थिव देह की पांचू में गोचर भूमि पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर दी गई। इस दौरान सैनिक के सम्मान में नारे भी लगे।

■ **अंत्येष्टि के दौरान आईजी, एसपी और कलेक्टर के कुर्सियों पर बैठने से बेनीवाल भड़के**

गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अस्त होते सूर्य की अंतिम किरण के साथ फायर कर सैनिक को सलामी दी गई। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी बीकानेर में रहे और सोमवार को प्रशासन का घेराव करने की चेतावनी दी। इससे प्रशासन पर दबाव बढ़ा और रविवार सुबह सुलह के फिर प्रयास हुए। प्रशासन ने सबसे पहले सुबह वार्ता कर हाईवे से टैंट हटवाया।

सैनिक की अंत्येष्टि के दौरान सांसद हनुमान बेनीवाल, विधायक सुशीला डूडी, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, आईजी ओमप्रकाश, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, नोखा व पांचू के प्रशासनिक अधिकारी, पांचू सरपंच हवा देवी सियाग, गोविन्द्राम मेघवाल आदि ने पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद आईजी, एसपी और कलेक्टर कुर्सियों पर बैठ गए। इस पर सांसद बेनीवाल ने रोष जताया और आईजी से बात की। बेनीवाल ने बताया कि जब राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि हो रही हो तो मुखाग्नि देकर संस्कार होने तक सभी सम्मान में खड़े रहते हैं। हाईवे से हटने के बाद कैप्टन चन्द्र चौधरी स्मारक स्थल पर धरना शुरू हुआ। यहां जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि वार्ता के लिए पहुंची। इसमें सैनिक की राजकीय सम्मान के साथ सड़क के पास गोचर में अंत्येष्टि करने की प्रशासन ने सहमति दी। कलेक्टर ने सैनिक कल्याण अधिकारी पर कार्रवाई की मांग पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सैनिक को शहीद का दर्जा देने के मामले को कोर्ट ऑफ इनक्वायरी पर छोड़ दिया गया।

## युवक से मारपीट

**बीकानेर,(कासं)।** नयाशहर थाना क्षेत्र में रूपये नहीं देने पर एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। परिवादी युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने पांच जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस के अनुसार परिवादी पारीक चौक निवासी हर्ष पारीक पुत्र राकेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रात्रि करीब आठ बजे वह जस्सूसर गेट के अंदर अपने मित्र जितेन्द्र सिंह सेंगर, अजय बिनावरा व कौशल पारीक के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान पांच जने एकराय होकर मेरे पास आये और उससे रूपयों की मांग की। मना करने पर उन्होंने मेरे साथ मारपीट की जिससे मेरे चोटें आ गई।

परिवादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने ऋषि पारीक, गौरव पारीक उर्फ गोविंद पुत्र मुरली मनोहर निवासी मुरलीधर व्यास कॉलोनी, राघव व्यास पुत्र राजगोपाल निवासी पाडाय माताजी मंदिर के पास, लखन पारीक पुत्र कमल निवासी सोनगिरी कुआं, जय जोशी पुत्र घनश्याम निवासी पारीक चौक व तीन-चार अन्य जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शीघ्र प्रतिनियुक्ति की मांग

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद व प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीना ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन भेजकर स्वामी विवेकानंद मॉडल व महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रतिनियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम जारी करवा कर शिक्षकों की शीघ्र प्रतिनियुक्ति आदेश जारी करने की मांग की है।

प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में संचालित स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल कक्षा 1-5 एवं महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने हेतु परीक्षा का आयोजन करवाया गया था। लेकिन नए शिक्षा-सत्र के तीन माह निकल जाने के बाद भी उक्त विद्यालय शिक्षकों के बिना ही संचालित हो रहे हैं।

■ **17500 रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए परीक्षा का आयोजन किया था**

जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी ने बताया कि पंजीयक शिक्षा विभागीय बीकानेर द्वारा इन विद्यालयों में लगभग 17 हजार 500 रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु परीक्षा का आयोजन 25 अगस्त को करवाया जा चुका है। लेकिन बोनस अंक विवाद को लेकर कुछ अभ्यर्थियों द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के कारण संपूर्ण प्रक्रिया बाधित हो गई है। जिसका हल निकलवाने के लिए सरकार की सक्रिय भूमिका की आवश्यकता है। रेसटा ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि एजी साहब को निर्देशित कर जल्द इस मामले का निस्तारण कर विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।

# नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिले के विद्यालयों में सोमवार को नशा मुक्त मानस अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिताएं हुई। इसमें विद्यार्थियों ने मंच के जरिए 'नशा रोकने में युवाओं की भूमिका' विषय पर अपने विचार रखे। नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताते नशा मुक्त जीवन जीने की बात कही।

उन्होंने कहा कि नशे की लत स्वयं ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को पतन की ओर जाती है। इसलिए नशे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना चाहिए। बच्चों ने अपने सुझाव भी दिए। प्रतियोगिता में बच्चों ने कहा कि नशा मुक्त हनुमानगढ़ के लिए प्रत्येक जिलेवासी की भागीदारी बेहद जरूरी है। तभी हम नशे की समस्या का उन्मूलन कर मजबूत और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। हम यह संदेश प्रत्येक घर-घर में पहुंचायेंगे। इस अवसर पर बच्चों को नशा मुक्त रहने और लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कडेला ने बताया कि अब 1 अक्टूबर को ब्लॉक लेवल प्रतियोगिता होगी। इसमें विद्यालय स्तर से चयनित विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके चयनित 2 अक्टूबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। कलेक्टर कानाराम के निर्देशन में हर माह विद्यालयों में जागरूकता के लिए कई गतिविधियां हो रही हैं। अभी तक निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कलेक्टर ने सम्मानित भी किया।

## आज से ओपीडी का समय बदला

**बीकानेर, (कासं)।** एक अक्टूबर से पुरानी गजनेर रोड़ स्थित राजकीय जिला अस्पताल सैटेलाइट के आउटडोर में मरीजों को देखने के समय में परिवर्तन रहेगा। अब जिला अस्पताल में ओपीडी समय अब सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

अस्पताल में जांचों हेतु सैंपल लेने एवं एक्सरे एवं अन्य जांचों का समय भी सुबह 9 बजे से रहेगा। जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने बताया कि सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. गुंजन सोनी के निर्देशों की पालना में जिला अस्पताल में ओपीडी के समय में परिवर्तन किया गया है।

रविवार एवं अन्य राजपत्रित अवकाश वाले दिनों में ओपीडी समय सुबह 9 बजे से सुबह 11 बजे तक यथावत रहेगा।

# कबड्डी में निर्णायक मण्डल पर धांधली का आरोप

**अनूपगढ़, (कासं)।** 68 वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान भरतपुर की टीम ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब भरतपुर जिले की टीम सुपर-8 से बाहर हो गई। टीम के खिलाड़ी निर्णायक कमेटी पर धांधली का आरोप लगाते हुए बीच मैदान में बैठ गए।

जानकारी अनुसार और भरतपुर व केकड़ी की टीम को बराबर अंक मिलने पर स्कोर शीट के आधार पर भरतपुर की टीम सुपर-8 से बाहर हो गई। इस पर भरतपुर की टीम के कोच गोपाल शर्मा ने प्रतियोगिता संयोजक को अवगत करवाकर निर्णायक कमेटी पर स्कोरिंग में गड़बड़ी कर केकड़ी की टीम को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। भरतपुर की टीम पाइंट के आधार पर सुपर-8 में जाने की हकदार थी, परन्तु विपरीत सुपर-8 में टीम केकड़ी को प्रवेश दिया गया।

■ **68 वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान भरतपुर की टीम ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब भरतपुर जिले की टीम सुपर-8 से बाहर हो गई**

शर्मा ने बताया कि इसके बाद जब उनकी तरफ से कंट्रोल रूम में संपर्क किया एवं केकडी व भरतपुर की स्कोर शीट चैक की गई तो उसमें अनेक अनियमितताएं पाई गई। फलौदी व केकड़ी मैच की स्कोर शीट जिसमें केकड़ी का स्कोर 105 दिखाया गया है। वहीं प्रतापगढ़ व केकड़ी मैच की स्कोरशीट मैच प्रारंभ होने से पूर्व ही भर दी गई एवं उनके विरोध के बाद मैच प्रारंभ कर दिया, जिसमें रैफरी के अलावा कोई भी असिस्टेंट स्कोरर एवं अन्य सहायक मैदान पर मौजूद नहीं थे।

जब तक आगामी टीम सुपर-8 की टीमें मैदान में पहुंच चुकी थी, लेकिन भरतपुर जिले की टीम के खिलाड़ी रोष जताते हुए मैदान के बीच में बैठकर न्याय की मांग करने लगे।

# मौसमी बीमारियों के संक्रमण को रोकने के लिए उपचार में देरी न हो : कानाराम

**हनुमानगढ़,(कासं)।** जिला कलेक्टर कानाराम ने सोमवार को विभागीय कार्यों और नशा मुक्त मानस अभियान की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के संक्रमण को रोकने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पूर्ण तैयारियां रखें। चिकित्सालयों में चिकित्सकों की समयबद्ध उपस्थिति, जांच उपकरणों और दवाईयों की उपलब्धता को तुंरत सुनिश्चित करें ताकि उपचार में देरी नहीं हो।

जिला कलेक्टर ने कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव का सबसे अच्छा उपाय स्वच्छता ही है। इसलिए अपने-अपने कार्यालयों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। जिलेवासियों को स्वच्छता के लिए जागरूक करें। नगर परिषद प्रत्येक गली-मौहल्ले में नियमित फोगिंग कराए। उन्होंने विद्युत लाइनों के नजदीक पेड़ छटाई के लिए



हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने मौसमी बीमारियों से बचाव व स्वच्छता को लेकर हुई बैठक को संबोधित किया।

विद्युत कट करने की सूचना जिलेवासियों को देने के निर्देश दिए। कानाराम ने कहा कि किसान खेत में पराली नहीं जलाई जाए। इसके लिए कृषि विभाग उन्हें जागरूक करें।

सभी विभाग जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आवारा पशुओं को गौशाला-

■ **जिला कलेक्टर ने कार्यालयों में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए**

नंदीशालाओं में छोड़ने के निर्देश दिए। पीएचईडी अधिकारी डिग्गियों की सफाई कराए। घरों में पहुंचने वाले पानी की जांच नियमित कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

जिला कलेक्टर ने नशा मुक्त मानस अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नशे से न केवल स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि पारिवारिक माहौल भी खराब होता है। इसलिए मानस अभियान को मन से जोड़कर नशा मुक्त जिले॰की संकल्पना को साकार करें। सीएमएचओ नशा मुक्ति काउंसलिंग की हेल्पलाइन पर आए कॉल का नियमित फॉलोअप करें।

# समय पर निस्तारित हो संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरण : देव

**बीकानेर, (कासं)।** सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी अधिकारी गंभीरता रखते हुए समयबद्ध रूप से प्रकरणों का निस्तारण करें।

विभिन्न विभागों में संपर्क के लंबित प्रकरणों की एक एक कर समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि समयबद्धता के साथ गुणवत्ता भी जरूरी है। ऐसे में अधिकारी स्वयं जवाब पढ़कर अपलोड करवाएं। शिकायतों की सही जांच कर जवाब प्रस्तुत किया जाए। देव ने कहा कि आमजन को राहत नहीं मिलने की स्थिति में परिवादी को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता है। इसे गंभीरता से लें। लंबित प्रकरणों में कई बार लापरवाही पायी गई है। आबादी भूमि पर अतिक्रमण हटाने की एक शिकायत पर एडीएम ने तहसीलदार छतरगढ़ को कार्यवाही करने को कहा।

उन्होंने कहा कि नये पदस्थापित अधिकारी अपनी आईडी मैप करवाएं जिससे परिवादी सही और सक्षम स्तर पर अपनी परिवेदनाएं पहुंचा सके। अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाने, साफ-सफाई की शिकायत पर उन्होंने यूआईटी और निगम के अधिकारियों को मौके पर जाकर तुरंत नियमानुसार कार्रवाई कर परिवादी को जवाब देने को कहा। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई, गवर्नर हाउस, सीएमओ, पीएमओ से प्राप्त प्रकरणों में भी जल्द कार्रवाई हो। प्रकरण एस्कलेट ना हो इसके लिए अधिकारी प्रतिदिन अपना आईडी खोल कर देखें।

पीएमओ से तीन प्रकरण बकाया है इस पर संबंधित विभाग अपना जवाब दें। नियमित मेल भी चैक करें। सीएमओ से आने वाले मेल पर आवश्यक प्रत्युत्तर समय पर भिजवाएं।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3921 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 30.9.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ऋषभ जाजू पुत्र श्री मनोज कुमार (पौत्र श्री रतन लाल) निवासी 1 बी-1 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल व चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 33 व 27 किला नं. 10 व 6 में माप 30 इंट्र 60 फीट भू.सं. बी-15, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर | भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 5330 दिनांक 19.12.2007 को श्री रतन लाल पुत्र श्री हरी प्रसाद जाजू के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री रतन लाल की मृत्यु दिनांक 10.2.2021 को होने के उपरांत श्री ऋषभ जाजू द्वारा पंजीकृत वसीयत पत्र 14.3.2017 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री ऋषभ जाजू पुत्र श्री मनोज कुमार (पौत्र श्री रतन लाल) निवासी 1 बी-1 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति हैं तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/687

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# रूपनगढ़ में हुये जघन्य हत्याकाण्ड एवं फायरिंग प्रकरण में तीन आरोपी गिरफ्तार

## मामले में दो नाबालिग को भी निरूद्ध किया, फरारी काट रहे अपराधियों की तलाश जारी

**रूपनगढ़/मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** पुलिस ने सोमवार को रूपनगढ़ में हुए जघन्य हत्याकाण्ड एवं फायरिंग मामले में महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं दो नाबालिग को निरूद्ध किया है। रूपनगढ़ थाना इंचार्ज भंवरसिंह राव के अनुसार फरारी काट रहे अपराधियों को गिरफ्त में लेने के लिये संभावित ठिकानों पर निरंतर दबीश दी जा रही है। शीघ्र ही सभी को गिरफ्तार कर कर लिया जायेगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 22 सितंबर को रूपनगढ़ में हुई फायरिंग व हत्या एवं आगजनी की घटना के सम्बन्ध में पुलिस थाना रूपनगढ़ में दर्ज मुकदमे में लगातार कार्रवाई करते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक अजमेर रेंज अजमेर के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अजमेर डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व में एवं किशनगढ़ सीओ (ग्रामीण) सत्यनारायण यादव के सुपरवीजन में पुलिस टीम द्वारा घटना में शामिल व मददगार आरोपियों को तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिरी के जरिये चिन्हित किया गया। वहीं आरोपियों के छिपने के हर संभव स्थानों पर दबिश दी गई। दबिश में इन आरोपियों को घटना में लिप्त पाये जाने व घटना में मददगार पाये जाने पर 29 सितंबर के बाद अनुसंधान एक महिला आरोपी पार्वती पत्नी बलभाराम जाट निवासी मोडीवालों की ढाणी नयागांव हरमाड़ा पुलिस थाना पुलिस थाना बांदरसिंदरी जिला अजमेर व आरोपी रामदयाल पुत्र रतनलाल जाट निवासी ग्राम मुण्डोती पुलिस थाना बांदरसिंदरी जिला अजमेर, आरोपी श्रीराम पुत्र घनश्याम मेघवाल निवासी ग्राम बिदियाद पुलिस थाना परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन हाल खोड़ा गणेश रोड बीएलजी कॉलोनी किशनगढ़ जिला अजमेर को गिरफ्तार किया गया तथा दो विधि से संघर्षरत बालकों को निरूद्ध किया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।



रूपनगढ़ फायरिंग मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- **22 सितंबर को रूपनगढ़ बस स्टैण्ड के पास दुकानों की जमीन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी**

जानकारी के अनुसार विगत 22 सितंबर को रूपनगढ़ बस स्टैण्ड के पास दुकानों की जमीन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी। कुछ देर बाद भंवर सिनोदिया की हत्या में संलिप्त बलबाराम जाट के परिजनों सहित अन्य हमलावरों ने फायरिंग कर एक युवक की हत्या कर दी और फरार हो गये। वारदात में शामिल इनामी बदमाश बलबाराम के भांजे मुख्य आरोपी दिनेश चौधरी, राजवीर फौजी, हनुमान जाट व पुखराज अभी भी फरार है।

# रिश्वत लेते हल्का पटवारी गिरफ्तार

**बूंदी, (निसं)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर सोमवार को बून्दी ए.सी.बी. ने कार्रवाई करते हुये पटवारी हेमन्त पालीवाल को परिवादी से चार हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रायथल तहसील से रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी.बूंदी इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि उसकी भूमि को गैर खातेदारी से खातेदारी में दर्ज करवाने की एवज में पटवार हल्का गोठड़ा अतिरिक्त चार्ज रायथल आरोपी पटवारी हेमन्त पालीवाल द्वारा पांच हजार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

एसीबी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेरणा शेखावत ने शिकायत का सत्यापन किया गया। सत्यापन सही पाए जाने के बाद पुलिस उपाधीक्षक ज्ञानचंद द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्रवाई कर आरोपी पटवारी हेमन्त पालीवाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत के सत्यापन के समय भी रिश्वत के एक हजार रूपए लिए गए थे।एसीबी अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सवाई माधोपुर**

राजकीय आयुर्वेद औषधालय के पास, सामान्य चिकित्सालय परिसर, सवाई माधोपुर, फोनः 07462-233169

क्रमांक : 1633 दिनांक : 25/9/24

**ई-टेन्डिरिंग निविदा सूचना 17/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के बूंदी, स. माधोपुर व गंगापुरसिटी में विभिन्न स्थानों पर रू. 201.40 लाख के 27 निर्माण कार्य/विद्युत कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में विद्युत कार्य/निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN No. MHS2425WSOB03161, MHS2425WSOB03162, MHS2425WSOB03163
MHS2425WSOB03164, MHS2425WSOB03166, MHS2425WSOB03167
MHS2425WSOB03168, MHS2425WSOB03169, MHS2425WSOB03178
MHS2425WSOB03180, MHS2425WSOB03181, MHS2425WSOB03184
MHS2425WSOB03185, MHS2425WSOB03186, MHS2425WSOB03187
MHS2425WSOB03188, MHS2425WSOB03189, MHS2425WSOB03190
MHS2425WSOB03191, MHS2425WSOB03192, MHS2425WSOB03193
MHS2425WSOB03194, MHS2425WSOB03195, MHS2425WSOB03197
MHS2425WSOB03198, MHS2425WSOB03199, MHS2425WSOB03200

अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड सवाई माधोपुर

DIPR/C/9248/2024



**कार्यालय नगर परिषद् सलूम्बर जिला सलूम्बर**

PH. No. :- 02906-233438 E-mail ID :- np.salumber@gmail.com

क्रमांक :– न0प0स0/2024–25/1667–1668 दिनांक :– 27.09.2024

**ई–निविदा सुचना सं0 05/वर्ष 2024–25**

नगर परिषद् कार्यालय सलूम्बर द्वारा नगर परिषद सलुम्बर एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारो/संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | कुल 02 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि रु. 20.00 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख | 28/09/2024 प्रातः 11.00 बजे से 04/10/2024 सांय 06.55 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | 28/09/2024 प्रातः 11.00 बजे से 04/10/2024 सांय 06.55 बजे तक |
| भौतिक रूप से नगर परिषद् कार्यालय में डी.डी. जमा कराने की दिनांक | 05/10/2024 दोपहर 01.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 05/10/2024 सांय 03.00 बजे |

| WORK NO. | UBN Code | NIB Code |
|---|---|---|
| 1. | UBN - DLB2425WSOB09289 | DLB2425A2966 |
| 2. | UBN - DLB2425WSOB09291 | DLB2425A2966 |

राज.संवाद/सी/24/5921 सभापति आयुक्त



**कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द**

जिला परिषद रोड़, राजनगर

टेलिफोन नं. 02952–220034, फेक्स नं. 02952–221233, ई–मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com

क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/11/2024–25/3825 दिनांक :– 26.09.2024

**ई–निविदा सूचना संख्या 11/2024–25**

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा निम्नांकित योजनाओं के विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 1 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 49.00 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 30.09.2024 06:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 01.10.2024 09:00 AM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 09.10.2024 03:00 PM |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 10.10.2024 01:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 10.10.2024 04:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| UBN NO- | DLB2425GLOB09015 |

राज.संवाद/सी/24/5916 सभापति नगरपरिषद राजसमन्द आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द


# इंजीनियर ने ऑनलाइन वेबसाइट से 60 लाख रुपए ठगे

**जोधपुर, (कासं)।** मैकेनिकल इंजीनियर ने साल भर में ऑनलाइन एप और गेमिंग वेबसाइट्स को 60 लाख रुपए का चूना लगा दिया। ठग ऑनलाइन सामान मंगवाता और उसे लौटा देता। रिफंड आने के बावजूद बार-बार कंपनी को फोन कर दोबारा रिफंड करवा लेता। इसके लिए उसने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के अकाउंट तीस प्रतिशत कमीशन पर उधार ले रखे थे। ऑपरेशन फायरवाल के तहत पुलिस ने इसे गिरफ्तार किया। मामला जोधपुर के फलोदी क्षेत्र का है।

फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि ऑनलाइन ठगी के मामले में मदरुपाणियों की ढाणिया फतेहसागर लोहावट निवासी विकास विश्नोई को गिरफ्तार किया है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। एसपी पूजा अवाना ने बताया कि 28 सितंबर की रात पुलिस थाना बाप एसएचओ मनोज कुमार को चेकपोस्ट पर एक संदिग्ध स्कॉर्पियो नजर आई। रुकवाकर पूछताछ की और तलाशी ली तो उसमें 9 मोबाइल फोन, 39 मोबाइल सिम, 4 पासबुक, 10 एटीएम कार्ड, 6 आधार कार्ड और लाखों रुपए के ट्रांजेक्शन के हिसाब-किताब की डायरियां और अन्य सामग्री मिली। इस पर युवक को थाने लाकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ऑनलाइन शॉपिंग और गेमिंग एप से ऑनलाइन फ्रॉड करता है। अब तक आरोपी करीब 60 लाख रुपए की ठगी कर चुका है।

- **ठग ऑनलाइन सामान मंगवाता और उसे लौटा देता रिफंड आने के बावजूद बार-बार कंपनी को फोन कर दोबारा रिफंड करवा लेता था**
- **ऑनलाइन ठगी के मामले में विकास विश्नोई को 28 सितम्बर को गिरफ्तार किया था, आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है**

**झांसा देकर डबल रिफंड करवाता :-** अब तक की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विकास गेमिंग कंपनियों से गेम जीतने के बाद जो रुपए मिलते थे उन्हें वापस रिफंड करवा लेता था। कंपनियों को अपने खाते में पैसे नहीं आने का बोलकर रिक्वेस्ट भेजता था। जब कंपनी वापस पैसे डालती तो उन्हें अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कर लेता था। इसका पता चलने पर कंपनी की और से इसकी आईडी ब्लॉक कर दी जाती थी। इस पर वापस नए नंबर से रिक्वेस्ट शुरू कर देता था। ठीक इसी तरह विकास ऑनलाइन शॉपिंग ऐप से भी ठगी करता वह सामान मंगवा कर दोबारा लौटा देता और रिफंड आ जाने के बावजूद फिर से रिफंड की रिक्वेस्ट डालता। ऐसे में कंपनी को उसे रिफंड देना पड़ता।

**जॉब के बजाय चुनी ठगी की राह :-** पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विकास बिश्नोई ने हमीरपुर की एनआईटी से एक साल पहले मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। इसके बाद आरोपी जॉब करने के बजाय ठगी के काम में जुट गया। इसके लिए ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों और गेमिंग एप का सहारा लिया और इसके माध्यम से पूरा फ्रॉड का काम कर रहा था। इसी के चलते गेमिंग कंपनियों और शॉपिंग कंपनियों की ओर से भी शिकायत पुलिस में की गई थी।

**रिश्तेदारों के खाते किराए पर लिए :-** ठगी करने के लिए आरोपी अपने रिश्तेदारों और जान पहचान के लोगों के खाते काम में लेता था और इन खातों पर 30 प्रतिशत कमीशन भी देता था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्कॉर्पियो गाड़ी और बैंक पासबुक, एटीएम और हिसाब किताब की डायरियां बरामद की है। आरोपी से पूछताछ में और भी बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। पुलिस कार्रवाई में थाना अधिकारी मनोज कुमार, हेड कॉन्स्टेबल राजेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल महिपाल, मनोज और रविंद्र शामिल रहे। आरोपी के खिलाफ तकनीकी जानकारी एकत्रित करने में कॉन्स्टेबल महेंद्र उज्जवल की विशेष भूमिका रही।

# जिला बचाने के लिए केकड़ी में आन्दोलन तेज

**केकड़ी, (निसं)।** केकड़ी जिला बचाओ अभियान के तहत जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को शहर के घण्टाघर पर अधिवक्ताओं ने सद्बुद्धि यज्ञ किया तथा केकड़ी को जिला यथावत रखने के लिए भजनलाल सरकार को सदबुद्धि देने की कामना की। इधर बार एसोसिएशन के तत्वावधान में लगातार पांचवे दिन सोमवार को भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार रखा। इस मौके पर सोमवार सुबह कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं, मुंशीगण, स्टाम्प वेण्डर सहित कचहरी में कार्य करने वाले सभी लोग उपखण्ड कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन स्थल पर एकत्रित हुए, जहां से रैली के रूप में घण्टाघर पहुंचे। रैली के दौरान अधिवक्ता केकड़ी जिला बचाओ के नारे लगाते हुए चल रहे थे। घण्टाघर पहुंचने पर अधिवक्ताओ ने सामूहिक रूप से हवन यज्ञ में आहुतियां देकर सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना की। इस मौके पर आर्य समाज के अग्निहोत्री अशोक आर्य ने हवन कुण्ड में आहुतियां दिलाई।

- **कलेक्ट्रेट के बाहर पांचवे दिन भी धरना जारी, कालेबलिया समाज ने ज्ञापन सौंपा**
- **बार एसोसिएशन के तत्वावधान में पांचवे दिन अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया**



केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर आंदोलनरत अधिवक्ताओं ने केकड़ी के घंटाघर चौराहे पर सद्बुद्धि यज्ञ किया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामावतार मीणा ने बताया कि कई दिनों से अधिवक्ताओं द्वारा आन्दोलन किया जा रहा है लेकिन अब भी राज्य सरकार गैर जिम्मेदाराना रवैया अपना रही है जिससे आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सरकार को अपने उदासीन रवैये को छोड़कर समय रहते केकड़ी जिले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, अन्यथा सरकार को इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि केकड़ी अन्य सभी जिला मुख्यालयों से 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तथा जिले के सभी मानकों पर केकड़ी जिला खरा है, लेकिन फिर भी भाजपा नेताओं ने केकड़ी जिले को हटाने को लेकर बयानबाजी की है। साथ ही सरकार ने केकड़ी जिले में कार्यरत पुलिस अधीक्षक को भी हटाकर केकड़ी एसपी का अतिरिक्त चार्ज अजमेर एसपी को दे दिया है, जिससे आमजन में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन के जिला बचाओ आन्दोलन का विभिन्न सामाजिक व्यापारिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है तथा आमजन का भी लगातार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य सरकार केकड़ी जिले को यथावत रखने को लेकर ठोस आश्वासन नहीं देती तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष चेतन धाभाई, मगनलाल लोधा, हेमन्त जैन, हनुमान प्रसाद शर्मा, गजराज सिंह राठौड़, सलीम गौरी, विशाल राजपुरोहित, दशरथ सिंह, सांवरलाल चौधरी, शिवप्रकाश चौधरी आदि मौजूद थे।

वहीं जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर केकड़ी जिला बचाओ समिति के तत्वाधान में लगातार पांचवे दिन भी सोमवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस मौके पर संयोजक रामअवतार सिखवाल, अध्यक्ष रणजीत सिंह केशावत, केकड़ी तहसील अध्यक्ष नन्दलाल गुर्जर, शंकरलाल जाखड मेवदाकलां, नूर मोहम्मद, अब्दुल जब्बार खान, रामचन्द्र मीणा, सुखलाल बैरवा, मुंशीनाथ कालबेलिया, शिवराज सिंह बडवा, सूरजकरण रेगर, सुनीता देवी आदि मौजूद थे वहीं दूसरी ओर सोमवार को कालबेलिया समाज ने भी जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग की है।

केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर राजस्थान प्रदेश विकलांग संघ की ओर से मंगलवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर कांसोटिया ने बताया कि केकड़ी जिले को लेकर हर केकड़ीवासी की जनभावना जुड़ी है तथा केकड़ी के जिला बनने के बाद यहां तेजी विकास होने लगा था लेकिन अब सरकार द्वारा केकड़ी जिले को हटाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे जनता में रोष है। इसलिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री से जिले को यथावत रखने की मांग की जायेगी।


**प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं पदेन सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा (राज.)**

क्रमांकः स्टोर/ई-निविदा/2024/5591-97 दिनांक-25.09.2024

**ई-बोली आमंत्रण सूचना 02/2024**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित सामग्री/सेवा के उपापन हेतु निर्माताओं, अधिकृत विक्रेताओं, पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं एवं सेवाप्रदाता ऐजेन्सियों से ई-निविदाएँ आमन्त्रित की जाती हैं :-

| क्र. सं. | सामग्री/सेवा का विवरण | अनुमानित लागत लाखों में | निविदा शुल्क | RISL प्रोसेसिंग शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औषधियां एवं सर्जिकल आईटम क्रय | 95.00 | 1000 | 1000 | 190000 |
| 2 | एमईटीपी आईटम क्रय | 30.00 | 1000 | 500 | 60000 |

**बोली का तिथिवार विवरण-**

| क्र.सं. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन दिनांक | 26.09.2024 दोपहर 1.00 बजे से |
| 2. | बोली प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि व समय | 26.09.2024 दोपहर 1.00 बजे से |
| 3. | प्री-बिड मिटिंग की दिनांक व समय व स्थान | 28.09.2024 दोपहर 1.00 बजे राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा |
| 4. | बोली अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि व समय | 30.09.2024 दोपहर 12.00 बजे से |
| 5. | बोली अपलोड़ करने की अंतिम तिथि व समय | 05.10.2024 प्रातः 11.00 बजे तक |
| 6. | बोली शुल्क एवं धरोहर राशि एवं RISL फीस की प्रति जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | 05.10.2024 प्रातः 12.00 बजे तक |
| 7. | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 05.10.2024 प्रातः 2.00 बजे तक |

निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं RISL शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया- बोली शुल्क, धरोहर राशि बैंकर्स चैक या डी.डी. Member Secretary RMRS District Hospital, Dausa के नाम से बनवाया जाए जो कि Payable at Dausa होना चाहिए। एवं फीस का बैंकर्स चैक या डी.डी. MD RISL, Jaipur के नाम से बनवाया जावे जो कि Payable at Jaipur होना चाहिए। बोली शुल्क, धरोहर राशि RISL Fees को E-Gras के माध्यम से ऑन लाईन चालान के द्वारा भी जमा करवायी जा सकती है। जो कार्यालय की ID-20368 में जमा करवाना आवश्यक है।

विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र एवं शर्ते अन्तिम तिथी से पूर्व http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकती है। निविदा प्रपत्र पूर्ण हस्ताक्षर शुदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्तुत करना होगा।

UBN No. 1. MHS2425GLRC03203, 2. MHS2425GLRC03204

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं पदेन सचिव आर.एम.आर.एस.. जिला चिकित्सालय दौसा (राज.)

DIPR/C/9281/2024


# पोलेंड के ओजराव और बीकानेर में होगा कला, संस्कृति का आदान-प्रदान

**बीकानेर, (निसं)।** पोलेंड के शहर ओजराव और बीकानेर में अब कला, संस्कृति का आदान-प्रदान होगा। शिक्षा, खेल आदि क्षेत्रों में एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दोनों शहर एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। इस संबंध में बीकानेर नगर निगम और ओजराव निगम के बीच लेटर ऑफ इंटेट पर हस्ताक्षर हुए। बीकानेर निगम महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित और ओजराव मेयर पावेव केंसलर ने लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए व लेटर का आदान-प्रदान किया। इस दौरान निगम उप महापौर राजेन्द्र पंवार, आयुक्त मयंक मनीष, उपायुक्त यशपाल आहूजा, ओजराव के डिप्टी मेयर व डेलिगेट्स मौजूद रहे। इससे पहले ओमजराव मेयर, डिप्टी मेयर और डेलिगेट्स का नगर निगम पहुंचने पर बैंड की मधुर स्वर लहरियों से स्वागत किया गया। ओजराव मेयर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। निगम सभागार में हुए कार्यक्रम के दौरान कई पार्षद व शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। निगम सभागार में हुए कार्यक्रम में महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने कहा कि मेरे कार्यकाल का यह स्वर्णिम अवसर है कि हमें शहर को नवाचार और विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग के लिए दोनों शहरों के बीच लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर हुआ है। हम चाहेंगे की भविष्य में बीकानेर और ओजराव दोनो शहर साथ साथ आगे बढ़ें और आज जो रिश्ता बना है दोनों देशों के शहरों में वो निरंतर बना रहे।


भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

केंद्रीयकृत रोजगार सूचना (सीईएन) सं. 02/2024 का परिशिष्ट
तकनीशियनों की भर्ती

**सांकेतिक सूचना**

सीईएन 02/2024 को 18 श्रेणियों में तकनीशियनों (ग्रेड I: श्रेणी नंबर 1 में 1092 रिक्तियां; ग्रेड III: नंबर 02 से 18 तक की श्रेणियों में 8052 रिक्तियां) की भर्ती के लिए 09.03.2024 को प्रकाशित किया गया था। आवेदन 09.03.24 से 08.04.24 तक स्वीकार किए गए थे। अब, तकनीशियन ग्रेड III में 22 नई श्रेणियां शामिल होने के साथ, तकनीशियन ग्रेड III में कुल रिक्तियां संशोधित होकर 13206 हो गई हैं।

केवल तकनीशियन ग्रेड III (श्रेणी संख्या 2 से 40) की सभी 39 श्रेणियों के लिए नए पात्र उम्मीदवारों से लागू शुल्क के साथ नए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। मौजूदा उम्मीदवार जिन्होंने तकनीशियन ग्रेड III के लिए सफलतापूर्वक आवेदन किया था, को बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के सभी 39 तकनीशियन ग्रेड III के लिए आवेदन करने और श्रेणियां और प्राथमिकता बदलने के साथ आरआरबी बदलने के लिए भी अपने भुगतान किए गए आवेदन तक पहुंचने का अवसर दिया जाता है। आवेदन **केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से** जमा किए जाने चाहिए।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

**आवेदन खुलने की तिथि : 02 अक्टूबर 2024**
**आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि : 16 अक्टूबर 2024 (23:59 बजे)**

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक वेतन (रु.) | चिकित्सा मानक | 01.07.2024 को आयु | कुल तकनीशियन ग्रेड III रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| तकनीशियन ग्रेड III | 2 | 19,900/- | 09.03.2024 को जारी विस्तृत सीईएन 02/2024 (अनुलग्नक-ए) और 27.09.2024 को जारी शुद्धिपत्र और परिशिष्ट संख्या 2 (अनुलग्नक-ए2) देखें। | 18-33 वर्ष | 13206 |

अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे सूचीबद्ध सभी भाग लेने वाले आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर 09.03.2024 को प्रकाशित विस्तृत सीईएन संख्या 02/2024 और 27.09.2024 को जारी शुद्धिपत्र और परिशिष्ट संख्या 2 देखें।

**सीईएन सं. 02/2024 में भाग लेने वाले आरआरबी की वेबसाइट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | अजमेर www.rrbajmer.gov.in | बेंगलुरू www.rrbbnc.gov.in | भोपाल www.rrbbhopal.gov.in |
| भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in | बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in | चंडीगढ़ www.rrbcdg.gov.in | चेन्नई www.rrbchennai.gov.in |
| गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in | जम्मू-श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in | माल्दा www.rrbmalda.gov.in |
| मुंबई www.rrbmumbai.gov.in | मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in | प्रयागराज www.rrbald.gov.in |
| रांची www.rrbranchi.gov.in | सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in | सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in | तिरुवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in | ***** | ***** | ***** |

यह सूचना पूर्णतः सांकेतिक प्रकृति की है। उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय-समय पर केवल आरआरबी की उपरोक्त वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

सं. आरआरबी/अज/विज्ञापन/02/2024
दिनांक: 01-10-2024

अध्यक्ष रेलवे भर्ती बोर्ड

''दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें''


# कचरे के ढेर के पास महिला ने बच्चे को जन्म दिया

## राहगीर दंपती ने करवाया प्रसव, सड़क पर पड़े अख़बार और घासफूस की सहायता से हुई डिलीवरी

**कामां/भरतपुर, (निसं)।** डीग जिले के कामां थाना इलाके में एक महिला ने कूड़े के ढेर के पास एक बच्चे को जन्म दिया। महिला के साथ में एक लड़की और दो लड़के मौजूद थे। जब राहगीर दंपती ने महिला को चिल्लाते हुए देखा तो, वह रुके और गर्भवती महिला की सड़क पर पड़े अखबार और घासफूस की सहायता से डिलीवरी करवाई। जिसके बाद महिला को कामां अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

महिला ने अपना नाम साहूनि बताया और अपने पति का नाम जाकिर बताया। महिला ने बताया कि वह खानपुर घाटी से कामां आई है लेकिन, वह यह नहीं बता पा रही कि वह यहां तक कैसे आई है और उसके परिवार के लोग कहां हैं। फिलहाल महिला और उसका बच्चा स्वस्थ है। एडवोकेट संजय कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अपनी बहन को कोसी चौराहे पर गए थे। कोसी चौराहे के पास एक महिला सड़क पर जोर-जोर से चिल्ला रही थी और रो रही थी। वहां जाकर देखा तो, महिला के प्रसव का दर्द हो रहा था। जिसके बाद संजय की पत्नी ने महिला का प्रसव करवाया। जिसके बाद एम्बुलेंस को फोन कर महिला और उसके बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल महिला की हालत स्वस्थ है। अस्पताल के कर्मचारी महिला से बात करने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे उसके परिवार के लोगों से संपर्क किया जा सके।

- **प्रसव के बाद एम्बुलेंस से महिला और बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, महिला की हालत स्वस्थ**

संजय ने बताया कि दो बार एम्बुलेंस को 104 नंबर पर फोन किया। तब करीब 6 बजे एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। जब तक महिला की डिलीवरी हो चुकी थी। जिसके बाद महिला को कामां के अस्पताल पहुंचाया गया। कामां अस्पताल के डॉक्टर सोहित सिंघल (फिजिशियन) ने बताया कि सुबह के समय एक व्यक्ति महिला और उसके बच्चे को अस्पताल में भर्ती करवाकर गया था। महिला और बच्चे की हालत स्वस्थ है। महिला हरियाणा के पुन्हाना इलाके की रहने वाली है। महिला के घर आया पता पूछकर उसके घर सूचना दे दी गई है। महिला यह नहीं बता पा रही कि वह कामां कैसे पहुंची। महिला के पति जाकीर ने बताया कि उसकी पत्नी कल दोपहर दो बजे घर से निकल गई थी। मैंने उसे पूरे दिन और पूरी रात ढूंढा लेकिन, वह नहीं मिली। फिर मुझे आज सुबह सूचना मिली कि आपकी पत्नी कामां अस्पताल में है जिसके बच्चा हुआ है। अस्पताल आया तो, मैंने देखा कि मेरे बच्चे और पत्नी सुरक्षित थे। मेरी पत्नी का दिमागी संतुलन बिगड़ चुका है। वह अक्सर घर से ऐसे ही निकल जाती है। मेरी पत्नी के दिमाग का इलाज भी चल रहा है। मेरी पत्नी की दिमागी हालात करीब 20 साल से खराब है।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर**

महात्मा ज्योतिबा फूले मुख्य मण्डी प्रांगण ई-मेल kums.jaipurfv@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 1799 दिनांक :- 27/09/2024

**निविदा सूचना संख्या 14/2023-24**

कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी), जयपुर द्वारा मुख्य मण्डी प्रांगण, टर्मिनल मार्केट, मुहाना, जयपुर में निर्मित कियोस्क संख्या 1 से 7 तक (सात कियोस्क) को किराया क्रय पद्धति पर देने हेतु खुली बोली द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मय शर्तों को कार्यालय से प्राप्त किया जाकर दिनांक 07.10.2024 तक दोपहर 01:00 बजे तक मण्डी समिति कार्यालय में जमा कराये जा सकेगें। खुली बोली प्रक्रिया दिनांक 07.10.2024 को दोपहर 2:00 बजे कार्यालय भवन में प्रारम्भ होगी। निविदा से सम्बंधित विस्तृत शर्ते एंव विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.rsamb.agriculture.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। UBN No. DAM2425WSOD00917

राज.संवाद/सी/24/5864 सचिव



**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001, दूरभाष सं. 0294-2421255, 2420013 Helpline no. 0294 2426262, ई-मेल commudr@gmail.com, garage.umc21@gmail.com

क्रमांक :- ननिउ/गैराज/2024-2025/735 दिनांक :- 26/09/2024

**ई-निविदा सूचना सं. 09/2024-25**

नगर निगम के विभिन्न कार्यो हेतु ट्रेक्टर मय वाटर टेंकर एक वर्ष के लिए (वार्षिक दर संविदा हेतु) किराये पर लगाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 25.00 लाख रू. है। बिड से संबंधित विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा की प्रारंभ तिथि 27.09.2024 तथा अंतिम तिथि 07.09.2024 है।

UBN No. : UNP2425WSRC00106

राज.संवाद/सी/24/5892 अधिशाषी अभियन्ता (यात्रिक) आयुक्त



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि जिला खण्ड प्रथम बीकानेर**

क्रमांक-1887 दिनांक-25/09/2024

**Notice Inviting Bid : 04/2024-25**

Bids for Construction of BT roads & Renovation & repair works of Culverts [Damaged by Heavy rain] of Sub Dn Bikaner & Pugal [CMBA-2024-25] are invited from interested bidders upto 30.09.2024 [09:30 AM] to 07.10.2024 [06:00 PM] & Open date 08.10.2024 [02:00 PM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www. pwd.rajasthan.gov.in & eproc. rajasthan.gov.in & http:// sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 114.08 Lakh.

UBN No. 1. PWD2425WSOB06492, 2. PWD2425WS0B06493, 3. PWD 2425WSO B06494

Executive Engineer, PWD Distt. Dn-I, Bikaner

DIPR/C/9222/2024

# नेगोशिएशन का विकल्प अतिरिक्त विवाद निस्तारण के तौर पर करना चाहिए : जस्टिस अशोक कुमार जैन

## नेगोशिएशन का महत्व पुरातन काल से ही रहा है तथा लम्बे समय से ग्रामीण परिवेश में ही छोटे-मोटे झगड़ों का निस्तारण पंचायत के माध्यम से किया जाता रहा है : आर.डी.रस्तोगी



**विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय आर.के.रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता का समापन 29 सितंबर को हुआ। इसमें राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार जैन मुख्य अतिथि रहे। समारोह के अध्यक्षता प्रोफेसर डॉक्टर अल्पना कटेजा उप कुलपति राजस्थान विश्वविद्यालय ने की तथा न्यायिक सदस्य न्यायाधिपति गोवर्धन बाढ़दार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**

**जयपुर।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय आर के रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता 2024 का सफल आयोजन किया। जिसका समापन 29 सितंबर को हुआ। जिसमें राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार जैन मुख्य अतिथि रहे। समारोह के अध्यक्षता प्रोफेसर डॉक्टर अल्पना कटेजा उप कुलपति राजस्थान विश्वविद्यालय ने की तथा सशस्त्र बाल अधिकरण के अध्यक्ष एवं न्यायिक सदस्य न्यायाधिपति गोवर्धन बाढ़दार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में देशभर की लगभग 35 से अधिक टीमों ने भाग लिया, दो दिवसीय प्रतियोगिता का चार चरणों में आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं ने प्रतिभागिओं कौशल को सराहा। गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी दिल्ली की टीम विजेता रही एवं सिंबोसिस लॉ कॉलेज पुणे में द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही सर्वश्रेष्ठ नेगोशिएटर तान्या खनोजा रही, स्पिरिट ऑफ़ द कम्पीटीशन का पुरस्कार देव माहेश्वरी ने प्राप्त किया।

समापन समारोह में न्यायाधीश अशोक कुमार जैन ने कहा कि नेगोशिएशन का विकल्प विवाद निस्तारण नहीं बल्कि अतिरिक्त विवाद निस्तारण के तौर पर विकसित करना चाहिए जिसमें छोटे मामले न्यायालय में न पहुंचे और न्यायालय पर अधिक भर काम किया जा सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर कल्पना कटेजा ने कहा कि नेगोशिएशन केवल वकील को ही नहीं अपितु प्रत्येक व्यक्ति को सीखना चाहिए तथा सफल नेगोशिएशन का मुख्य आधार धैर्य से आता है तथा उन्होंने प्रतियोगिता के बारे में कहा कि इस प्रतियोगिता से सभी कुछ ना कुछ सीख कर जाएंगे। न्यायाधीश गोवर्धन बाढदार ने नेगोशिएशन का आधिकारिक उपयोग कर इससे आपसी विवादों को सुलझाने की सलाह दी।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राज दीपक रस्तोगी जो कि इस प्रतियोगिता के संरक्षक भी है, ने कहा नेगोशिएशन का महत्व पुरातन काल से ही रहा है तथा भारत में लम्बे समय से ग्रामीण परिवेश में ही छोटे-मोटे आपकी झगड़ों का निस्तारण पंचायत के माध्यम से किया जाता रहा है और और मूलतः भारतीयों का नेगोशिएशन से आपसी समझाइश में इसमें गहरा विश्वास रहा है।

वीजीयू के सीईओ इंजीनयर ओंकार बगड़िया ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में यह अत्यंत आवश्यक है कि अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारी टेक्नोलॉजी का पूर्ण उपयोग सीखें करें जिससे भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के आने से नेगोशिएशन तथा अन्य न्याय वितरण प्रक्रिया को और अधिक कुशल बन सके वीजीयू के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री संतोष कुमार ने कहा कि नेगोशिएशन को हर घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है ताकि छोटे-मोटे विवाद उत्पन्न ही ना हो और यदि हो भी तो आपसी समझाईश से सुलझाई जा सके।वीजीयू के रजिस्ट्रार प्रोफेसर प्रवीण चौधरी तथा विधि विभाग के डीन प्रोफेसर पी. पी. मित्रा ने सभी को इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

विधि विभाग की अध्यक्ष शिल्पा राव रस्तोगी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शैक्षिक एवं शैक्षिणक साथियों तथा सभी छात्रों को समारोह को सफल बनाने का श्रेय दिया तथा भविष्य में इसी प्रकार की अगली अंतरराष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता आयोजित करने की बात कही।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ''मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ'' अभियान की शुरूआत आज

**नई दिल्ली/जयपुर।** देश के किसानों के लिए भारत सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा ''मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ'' छठा संस्करण शुरू होने जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत 1 अक्टूबर से होगी और 31 अक्टूबर तक चलेगा। मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत पूरे देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 4.5 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा पॉलिसी के दस्तावेज़ वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत सभी बीमित किसानों को उनके पॉलिसी दस्तावेज उन्हें उनके हाथों में सौंपे जाएं ताकि उनको उनके फसल बीमा से संबंधित सभी जानकारी पूरी तरह से पारदर्शी हो।

### किसानों को सशक्त बनाने का मिशन

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का एक उद्देश्य किसानों को उनकी फसल बीमा पॉलिसी के प्रति जागरूक करना है ताकि किसानों को बीमा भुगतान संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। ये अभियान किसानों को सशक्त और प्रोत्साहित करने के लिए चलाया जा रहा है। जागरूकता बढ़ाने के लिए, भारत सरकार किसानों को प्रशिक्षण देने और उनकी शिकायतों से निपटने के लिए फसल बीमा पाठशालाओं के साथ-साथ फसल बीमा के बारे में कम जागरूकता वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक भी आयोजित करेगी। ये समुदाय-स्तरीय सहभागिताएं किसानों को फसल बीमा के लाभों के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगी

### किसानों को मिलेगा आर्थिक कवच

जलवायु परिवर्तन और अप्रत्याशित मौसम के बदलाव से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है ऐसे में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का उद्देश्य किसानों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना है। जलवायु में उतार-चढ़ाव के कारण अप्रत्याशित जोखिमों और नुकसान को कम करने के लिए फसल बीमा महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसान की आय सुरक्षित रहे और अपनी आजीविका बनाए रखें।

### इस साल 9 करोड़ से अधिक आवेदन

खरीफ 2023 में 8.65 करोड़ बीमा आवेदन प्राप्त हुए थे और इस वर्ष 9 करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जो कि एक उल्लेखनीय वृद्धि है और यह फसल बीमा योजना में किसानों की बढ़ती रुचि और विश्वास को दर्शाता है।

## कांग्रेस आज ज्ञापन देगी

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस की ओर से आमजनता की समस्याओं एवं मांगों को प्रदेश सरकार तक पहुंचाने तथा सरकार को नींद से जगाने हेतु 1 अक्टूबर को जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम जन समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया जाएगा।

# देश विरोधी ताकतों को समाप्त करने के लिए भाजपा को मजबूत करना होगा : मदन राठौड़

- 'सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक लेकर जाएं, फिर सदस्य बनाएं'
- भाजपा पंचायत राज प्रकोष्ठ की सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय में पंचायत राज प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश विरोधी ताकतों को समाप्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना होगा। इसके सदस्य अभियान से अधिक से अधिक जन सामान्य को जोड़कर मजबूत करना होगा। इस अभियान में पंचायत राज प्रकोष्ठ की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज के अंतिम छोर तक पहुंच का सुगम माध्यम है।

बैठक को संबोधित करते हुए पंचायत राज केबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने कार्यक्रताओं से आग्रह किया कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक लेकर जाएं और लोगों को लाभ पहुंचा कर पार्टी से जोड़कर राष्ट्र को मजबूत करने में प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य अभियान सहसंयोजक मोती लाल मीणा ने सदस्यता अभियान के लिए पदाधिकारियों को प्रवास करने एवं निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने का आव्हान किया।

प्रदेश संयोजक रघुवीर सिंह चौधरी ने बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों का संगठनात्मक कार्य विभाजन करते हुए जिला प्रभारियों एवं जिला संयोजकों को सदस्यता लक्ष्य निर्धारित करते हुए पुरा करने का निर्देश दिया। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी भुपेंद्र सैनी, प्रकोष्ठ के सहसंयोजक गोविंद प्रभारी, राजेन्द्र मीणा, पायल परसरामपुरिया, उदय सिंह, भावना सैनी, मनिष व्यास, माधव चौधरी सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला संयोजक उपस्थित रहे।

## जिंदा बम प्रकरण में बयान दर्ज कराए

**जयपुर।** जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत में सोमवार को मई 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से गलता गेट थाने के तत्कालीन एसएचओ सुरेश कुमार ने बयान दर्ज कराए। मामले में कुल 115 गवाहों में से 107 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं। बयान में सुरेश कुमार ने कहा कि 13 मई 2008 को उन्हें तत्कालीन नॉर्थ एसपी से बम ब्लास्ट की सूचना मिली थी। वे जौहरी बाजार में एलएमबी के पास दुकान नंबर 81 पर गए थे। वहां पर उन्होंने मौका नक्शा बनाया और वहां से साइकिल, छर्रे, जूते व एक पानी की टंकी जब्त की थी।

# जोन उपायुक्त ने प्रसंज्ञान लेकर आवास योजना की लॉटरी रोकी

- रियासत बिल्डर ग्रुप की आवास योजनाओं में आवेदकों द्वारा एक ही मोबाइल नंबर से कई फार्म भरने की शिकायत पर कार्रवाई
- बताया जा रहा हैं कि, ग्रुप की अलग-अलग टाउनशिप में ई.डब्ल्यू.एस. और एल.आई.जी. श्रेणी में 13 हजार आवेदन आए थे, जो कि निर्धारित प्लॉट्स की संख्या के कई गुना ज्यादा है।

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-14 के उपायुक्त दीपक सिंह खटाणा ने प्रसंज्ञान लेकर रियासत बिल्डर ग्रुप आवास योजना की लॉटरी पर रोक लगाई है। सूत्रों की मानें तो इस ग्रुप की अलग-अलग टाउनशिप में ईडब्लूएस व एलआईजी केटेगिरी में 13 हजार आवेदन आ गए, जो निर्धारित प्लॉट्स की संख्या के कई गुना ज्यादा है। बड़ी संख्या में आवेदन आने की शिकायतें जब जेडीए पहुंची तो उपायुक्त ने इन पर प्रसंज्ञान लेते हुए लॉटरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी। अब जेडीए खुद इन आवेदनों की छंटाई करेगा।

सूत्रों की माने तो रियासत इन्फ्रा की जयपुर में कई टाउनशिप है। इनमें सभी में गरीबों और निर्धन वर्ग के आवास ईडब्लूएस व एलआईजी की केटेगिरी रखनी पड़ती है। अलग अलग योजनाओं में ईडब्लूएस व एलआईजी के लिए करीब 350 से अधिक प्लाट आरक्षित किए हुए थे। जेडीए से अनुमति लेकर इन योजनाओं में यह आवेदन अगस्त में भरे गए थे। सितंबर इन योजनाओं की लॉटरी निकलनी थी। इन योजनाओं में भारी तादाद में आवेदन आए। आवेदनों की संख्या भी करीब 13 हजार थी।

जेडीए को शिकायत मिली थी कि इन योजनाओं में एक ही फोन से कई आवेदन भरे गए हैं। इनमें रियल स्टेट एजेंट भी शामिल है। गरीबों का हक वास्तविक लोगों तक पहुंचे इसके लिए जेडीए ने लॉटरी पर रोक लगा दी। अब जेडीए इन आवेदकों की जांच करा रहा है। इसके लिए रियासत ग्रुप से कहा गया है कि सभी योजनाओं के आवेदन जांच कर जेडीए के पास भिजवा दें।

सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार की ''सबके लिए आवास'' उपलब्ध कराने की मंशा के अनुसार राजस्थान अफोर्डेबल पालिसी 2010 जारी हुई थी। इस योजना में 10 हैक्टेयर या इससे अधिक क्षेत्रफल होने पर कुल योजना का पांच प्रतिशत अथवा कुल निर्मित यूनिट का 15 प्रतिशत जो भी अधिक हो, ईडब्लूएस-एलआईजी के लिए आरक्षित किया जाना है।

इसके लिए आवेदन सबसे बाद में जेडीए से अनुमति लेकर मांगे जाते हैं। पहले तो सफल आवेदकों की लॉटरी निकालने का काम जेडीए के स्तर पर किया जाता था। मांग पत्र निकालने के बाद सफल आवेदक को रकम जमा करानी पड़ती थी। उसके बाद निजी खातेदार से एनओसी लेकर सफल आवेदक को भूखंड आवंटित कर दिया जाता था। इनकी रेट भी आरक्षित दर की 50 से 80 फीसदी होती है। आरक्षित दर भी बिल्डर के भूखंड की दरों से लगभग चार गुना कम होती है।

सूत्रों की मानें तो निजी खातेदारी की आवास योजनाओं में ईडब्लूएस, एलआईजी के आवेदन सभी के साथ नहीं मांगे जाते। पहले बिल्डर अपने भूखंड बेच लेता है और टाउनशिप को विकसित भी कर लेता है तब तक 3 साल निकल जाते है और स्कीम में जमीनों की कीमत बढ़ जाती है।

उसके बाद जेडीए ईडब्लूएस, एलआईजी के आवेदन मांगता है तो सस्ता भूखंड लेने के चक्कर में आवेदकों की बाढ़ आ जाती है। रियल स्टेट एजेंट भी इसका लाभ उठाने से नहीं चूकते। वो भी भारी तादाद में आवेदन कर देते है जिससे वास्तविक गरीब व निर्धन वर्ग का हक मारा जाता है। बाद में ये एजेंट ही इन योजनाओं में आए भूखंडों को बाजार भाव से बेच देते हैं। बिल्डर खुद ही लॉटरी निकालता है जिसमें कई बार धांधली के भी आरोप लगे हैं।

## राज.वि.वि.में वर्ष 2005 में लागू हुई सामूहिक छात्र दुर्घटना सहायता योजना

**जयपुर,** (का.सं.)। श्री विशन सिंह शेखावत शोध एवं शिक्षण संस्थान राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय में वर्ष 2005 में सामूहिक छात्र दुर्घटना सहायता योजना लागू हुई। राजस्थान विश्वविद्यालय में वर्ष 2005 में यह योजना स्थाई रूप ले चुकी है। वर्तमान में इस योजना के तहत मृत छात्र के मनोनीत परिजन को 12 लाख, एवं दुर्घटना में घायल छात्र को चिकित्सा के लिए 1 लाख रुपए दिए जा रहे हैं, सहायता की यह कुल राशि करोड़ों में पहुंच गई है।

विधि महाविद्यालय से जुड़े एक 22 वर्षीय छात्र की वर्ष 2004 में कॉलेज से घर जाते समय एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। अपनी विधवा माता का यह एकलौता पुत्र था, परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को सामने रखते हुए इस छात्र के परिजनों एवं मित्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष इस छात्र के परिवार, विशेष रूप से इसकी विधवा माता की आर्थिक मदद की गुहार लगाई। विश्वविद्यालय प्रशासन मदद की भावना रखते हुए भी विश्वविद्यालय में इस तरह की सहायता का कोई विशेष प्रावधान न होने के कारण असहाय हो गया।

# 'आमजन भी भाजपा में शामिल हों'

- भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर देहात उत्तर जिले की समीक्षा बैठक की

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को भाजपा जयपुर देहात उत्तर जिले की सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की। मनोहरपुरा के एक निजी गार्डन में बैठक को संबोधित करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार लगतार जनहितैषी कार्य कर रही है। फिर चाहे वो बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने हो, या फिर गरीब, दलित और वंचितों के हितों के लिए योजनाओं को शुरू करने की बात हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आमजन की भी जिम्मेदारी है कि वे भाजपा परिवार में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती प्रदान करें।

राठौड़ ने कहा कि वर्तमान समय की जरूरत को देखते हुए हर नागरिक को जागरूक होने की आवश्यकता है। देश-प्रदेश में चल रही गतिविधियों पर नजर रखने की आवश्यकता है। वहीं भाजपा के सदस्यता अभियान में घर-घर जाकर सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय होना पडेगा। भाजपा कार्यकर्ता प्रतिदिन कुछ समय निरंतर सदस्यता अभियान को अवश्य दें। समीक्षा बैठक में राठौड़ ने प्रत्येक कार्यकर्ता को 200 सदस्य बनाने का संकल्प दिलाया।

बैठक में जमवारामगढ विधायक महेंद्र पाल मीणा, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस दौरान पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, भाजपा नेता उपेन यादव, शाहपुरा पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, मनोहरपुर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत, मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश नाई, जिला महामंत्री बृजेश सोनी, जिला मंत्री ताराचंद चौधरी, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान सहाय बेनीवाल, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामावतार असवाल सहित कई विधायकगण, विधायक प्रत्याशी, जिला पदाधिकारी, पार्टी के निर्वाचित प्रधान ,नगर पालिका अध्यक्ष, उप प्रधान, जिले में रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी, सदस्यता अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक, सहसंयोजक सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री ,सदस्यता अभियान के सभी मंडल संयोजक, सहसंयोजक उपस्थिति रहे।

## 'ओपन जेल की आवास क्षमता कम नहीं होगी'

**जयपुर।** सांगानेर स्थित ओपन एयर जेल की जमीन पर अस्पताल बनाए जाने के मामले में राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब पेश किया गया। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने जवाब पेश कर कहा कि ओपन जेल के लिए 14,940 वर्गमीटर जमीन का और आवंटन किया जाएगा। वहीं इसकी वर्तमान आवास क्षमता 410 को कम नहीं किया जाएगा। इसके अलावा जेल के पास की 22,232 वर्गमीटर जमीन का आवंटन तीन सौ बैड के अस्पताल के लिए किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सांगानेर में अस्पताल की आवश्यकता को देखते हुए सरकार वहां इसका निर्माण करेगी और जमीन का आवंटन किया जाए।

## तालकटोरे में मिला महिला का शव

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** माणक चौक थाना इलाके में स्थित तालकटोरे में सोमवार को एक महिला का शव पड़ा मिला। पानी की सतह पर महिला का शव देख वहां घूमने आए लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर भिजवाया। पुलिस ने घटना स्थल पर आसपास के लोगों से पूछताछ की । लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर 1 बजे के आसपास तालकटोरा में पानी की सतह पर एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी।

मृतका की उम्र करीब 45 से 50 साल बताई जा रही है। दो -तीन पुराना शव होने के कारण पानी में फूल गया और पानी से बाहर आ गया। पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा कर मृतका के परिजनों की तलाश शुरु कर दी है।

## हनीट्रैप में फंसाकर 10 लाख रु. ऐंठने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

- सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी की शिकायत पर शिप्रापथ पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा
- इस मामले में फरार युवती समेत तीन अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**जयपुर ।** सार्वजनिक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) के एक बड़े अधिकारी को हनीट्रैप में फंसाकर 10 लाख रुपए की वसूली करने के मामले में शिप्रापथ थाना पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक युवती समेत तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी वर्ष 2018 से अब तक पीड़ित अधिकारी से 10 लाख रुपए वसूल चुके थे। अब और रुपयों की मांग कर रहे थे। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों के पास पहुंच कर कहा कि ''बचा लो... इतना परेशान हो गया हूं कि आत्महत्या कर लूं।''

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने 17 सितंबर को शिप्रापथ थाने में मामला दर्ज किया। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि 13 दिनों में जांच पूरी कर करौली के दीपपुरा निवासी मस्तराम मीना उर्फ भूरा और उसके पिता शेर सिंह मीना को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में शेर सिंह की बेटी नरेन्द्र कुमारी उर्फ नरसो, धर्मराज मीना और एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

थानाधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि पीड़ित अधिकारी की वर्ष 2011 में करौली में शेर सिंह मीना के परिवार से जान-पहचान हुई थी। वर्ष 2018 में शेर सिंह की बेटी नरेन्द्र कुमारी ने पीड़ित को फोन कर जगतपुरा बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपी शेर सिंह, मस्तराम और धर्मराज ने पीड़ित को जबरन नरेन्द्र कुमारी के साथ एक कमरे में बंद कर उनकी फोटो खींच ली।

इसके बाद उन्हें बदनाम करने और बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 2 लाख रुपए वसूल लिए। इसके बाद, वर्ष 2021 में फिर से धमकी देकर 3 लाख रुपए और वसूल लिए। इस तरह लगातार धमकियां देकर कुल 10 लाख रुपए वसूलने के बाद भी आरोपी बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहे थे।

# लंबे समय के बाद खुली हाउसिंग बोर्ड की ई-नीलामी : डॉ.रश्मि शर्मा

## 'जयपुर समेत प्रदेश के प्रमुख शहरों में चार स्लॉट्स में की जाएगी प्रीमियम प्रॉपर्टीज की नीलामी'

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से लंबे समय बाद राजस्थान के प्रमुख शहरों में प्रीमियम प्रॉपर्टीज की नीलामी की जा रही है। राजस्थान आवासन मण्डल ने जयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न शहरों में स्थित आवासीय-व्यावसायिक भूखंड एवं निर्मित आवास नीलामी के माध्यम से उपलब्ध करवाए हैं।

आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल एक बार फिर आमजन के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। राजस्थान के प्रमुख शहरों में प्रीमियम संपत्ति खरीदने का आमजन के पास अब मौका है। आवासन मंडल की ओर से जयपुर, भरतपुर, फलौदी, बीकानेर, अलवर, चूरू, सीकर, जोधपुर और भिवाड़ी में प्रीमियम संपत्तियों की ई-नीलामी की जा रही है।

आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि त्योहारी सीज़न में आमजन के लिए प्रीमियम प्रॉपर्टी खरीदने का यह सुनहरा मौका है। उन्होंने कहा कि आवासन मंडल की ओर से आगे भी विभिन्न आवासीय योजनाओं व नीलामी के प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

नीलामी में भाग लेने और अधिक जानकारी के लिए आमजन विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन करके अथवा हेल्पलाइन नं. 0141-2744688, 2740009, एवं 9460254319, पर संपर्क कर सकते है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि राजस्थान में 4 स्लॉट्स में ई-नीलामी होगी। 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर, 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर, 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर और 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक 4 अलग-अलग स्लॉट्स में भूखंडों की नीलामी होगी। जिनमें आवासीय और व्यावसायिक दोनों तरह के भूखंड और आवासीय निर्माण शामिल हैं।

### किस शहर में कितनी प्रीमियम सम्पत्ति?

- जयपुर में 11 बड़े व्यावसायिक भूखंड, 39 छोटे व्यावसायिक भूखंड, 31 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास
- बीकानेर में 46 छोटे व्यावसायिक भूखंड, 7 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास
- भिवाड़ी में 3 बड़े व्यावसायिक भूखंड, 29 छोटे व्यावसायिक भूखंड, 4 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास
- फलौदी में 1 बड़ा व्यावसायिक भूखंड
- अलवर में 3 छोटे व्यावसायिक भूखंड, 7 आवासीय भूखंड और निर्मित आवास
- चूरू में 9 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास
- सीकर में 4 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास
- भरतपुर में 7 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास

## गांधी वाटिका को सेलिब्रेट करने का निर्णय

**जयपुर ।** पब्लिक अगेंस्ट करप्शन संस्था ने 1 अक्टूबर 2024 को सुबह 7 से 8 तक गांधी दर्शन वाटिका को सेलिब्रेट करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में संजय त्यागी एडवोकेट और पूनम चन्द भंडारी एडवोकेट भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम गांधी दर्शन वाटिका सेंट्रल पार्क गेट नंबर 5 पर होगा।

संयोजक डॉ. टी एन शर्मा एडवोकेट और सह-संयोजक कमलेश सक्सैना एडवोकेट ने बताया कि सेंट्रल पार्क सी-स्कीम जयपुर में एक लक्ष्मी विलास होटल था और वह अवैध तरीके से करीब 15 हजार गज जमीन पर कब्जा करके बनाया गया था तथा एक अन्य व्यक्ति ने करीब 5000 गज जमीन पर कब्जा कर मकान बनाकर रह रहा था। जिसके लिए एडवोकेट संजय त्यागी ने जनहित याचिका लगाई।

# सरकारी हॉस्पिटल में ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** सर्दी के सीजन की शुरुआत होने से पहले हेल्थ डिपार्टमेंट ने सभी सरकारी हॉस्पिटल की ओपीडी टाइमिंग में बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत मंगलवार 1 अक्टूबर से हॉस्पिटल में ओपीडी सुबह 9 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक संचालित होगी।

जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज, आरयूएचएस से अटैच हॉस्पिटल समेत तमाम पीएचसी, सीएचसी, उप जिला हॉस्पिटल में आज से ओपीडी के समय में बदलाव के आदेश जारी किए हैं। जेके लोन हॉस्पिटल जयपुर के अधीक्षक डॉक्टर कैलाश मीना ने बताया कि ओपीडी का समय मंगलवार से सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

# करंट लगने से बिजली श्रमिक की मौत, 50 लाख के मुआवजे पर बनी सहमति

■ आठ सूत्री मांगों को लेकर पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल का कलेक्ट्रेट पर धरना

**बीकानेर,** (कासं)। आठ सूत्री मांगों को लेकर पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया।

पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल ने धरने को संबोधित करते हुए कि बिजली सप्लाई कम्पनी बीकेईएसएल में संविदा कार्मिक तेजकरण मेघवाल की ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मौत विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की गलती से हुई है। इसलिए दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

पूर्व मंत्री मेघवाल ने जिला कलेक्टर और विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर प्रत्येक मांग का लिखित में जवाब देने की मांग की। जिस पर विद्युत विभाग ने लिखित में जवाब पत्र भी धरना स्थल पर उपलब्ध करवाया। मृतक के आश्रितों की मांगों को बिजली सप्लाई कम्पनी अधिकारियों द्वारा मानते हुए 50 लाख का मुआवजा, मृतक की पत्नी को 10 हजार रुपये पेंशन, मृतक के आश्रित को एक संविदा कर्मचारी की नियुक्ति तथा मृतक के भाई द्वारा दर्ज मुकदमें की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने पर सहमति बनी।



पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल ने बीकानेर कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठे ग्रामीणों को संबोधित किया।

इसके अलावा जो बीकेईएसएल के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर साथ बैठे थे। उनकी मांगों पर भी पूर्व मंत्री और विभागीय अधिकारियों के बीच सहमति बनी। उसमें संविदा कर्मियों का बीमा कंपनी नहीं करती थी। अब प्रत्येक कार्मिक का 25 लाख का बीमा किया जायेगा। उनका भुगतान निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नियमों के अनुसार किया जायेगा। उनकी बाकी समस्याओं के लिए विद्युत विभाग द्वारा एक कमेटी गठित कर निस्तारण करने पर सहमति बनी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के लिए 06 घंटे तथा सिंगल फेस विद्युत सप्लाई 24 घंटे किए जाने, कृषकों को वरीयता अनुसार डीपी जारी करने पर भी सहमति बनी। धरने पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं सहित हजारों लोग मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि विधुत सप्लाई कम्पनी के एमओयू में 70 प्रतिशत कर्मचारी अन्य राज्यों व शहरों से भर्ती किए हुए हैं। जबकि एमओयू की शर्तों के अनुसार स्थानीय कर्मचारी भर्ती होने चाहिये। इतना ही नहीं ठेकेदारों द्वारा संविदा कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी दी जाती है और कार्य के घंटे 8 की बजाय 24 घंटे कार्य करवाया जाता है। कम्पनी ने वर्तमान में 4 से 6 हजार रूपये वेतन पर संविदा कर्मियों को भर्ती किया हुआ है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग एक कमेटी बनाकर इन संविदा कर्मियों की सभी समस्याओं को सुनकर उनकी जांच करें और विधिपूर्वक उन समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली विभाग को खुली लूट की छूट दे रखी है। बीकानेर शहर में विद्युत कंपनी बीकेईएसएल द्वारा विद्युत व्यवस्था को चौपट कर रखा हुआ है।

उन्होंने स्थानीय सांसद अर्जुनराम को भी बीकानेर जिले की चरमराई हुई पानी, बिजली, टूटी सड़कों, बिगड़ी कानून व्यवस्था, माफियाराज आदि अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। धरने को जिलाध्यक्ष यशपाल गहलोत, देहात कांग्रेस उपाध्यक्ष मुखराम धतरवाल, हेतराम जाखड़, पूर्व देहात जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र गहलोत, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवर लाल कूंकणा, पांचू प्रधान प्रतिनिधि प्रेमाराम, सेवादल प्रदेश सचिव सुभाष स्वामी, पार्षद आनन्द सिंह सोढा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम चेतना डोटासरा आदि ने भी धरने को संबोधित किया।

## राजस्थानी भाषा पर व्याख्यान

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभाग द्वारा 'प्रतियोगी परीक्षा मांय राजस्थानी भाषा-साहित्य अर कला-संस्कृति रो मैतव' विषय पर व्याख्यान और सम्मान समारोह संत मीराबाई सभागार में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राजस्थानी भाषा और संस्कृति के उत्थान पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और चलकोई फाउंडेशन के संस्थापक, राजवीर सिंह चलकोई ने अपने विचार रखते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा और संस्कृति की रक्षा ही हमारी सभ्यता की पहचान को जीवित रखेगी। आज यह भाषा न केवल राजस्थान बल्कि विश्व भर में अपनी छाप छोड़ रही है।

उन्होंने युवाओं को अपनी मातृभाषा की ओर लौटने और इसे सहेजने का आव्हान करते हुए कहा कि हमें आत्मसाधना करनी होगी और मिलकर काम करना होगा ताकि आने वाली पीढियां हमारी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी रहें।

इस दिशा में योगदान देने के लिए चलकोई फाउंडेशन ने एम ए राजस्थानी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के लिए 11 हजार रूपये के नकद पुरस्कार की भी घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि यह अत्यंत दुख की बात है कि हमें अपनी भाषा सीखने के लिए पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। भाषा तो हमारे जीवन का आधार है, इसे सहेजना हमारी जिम्मेदारी है।

## सार-समाचार

### 1057 युवाओं को रोजगार का ऑफर



बीकानेर में रोजगार मेले में रोजगार के बारे में जानकारी लेते युवा।

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक सेवा केन्द्र तथा रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आयोजित द्वितीय रोजगार और कैरियर मेले के दौरान 1057 युवाओं का चयन विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा किया गया। विधायक जेठानंद व्यास ने बताया कि इन युवाओं को 10 हजार से लेकर 25 हजार रूपए प्रति माह के हिसाब से रोजगार के ऑफर लैटर दिए गए। समापन समारोह में एलएम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के जेपी व्यास, किसन चौधरी, पार्षद किशोर आचार्य आदि मौजूद थे। विधायक ने सभी नियोक्ताओं और सरकारी विभागों के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर पशुपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना केन्द्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर पांच वर्षों में चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां देने और दस लाख को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कुमावत ने सोमवार को बीकानेर के एमएम ग्राउंड में बीकानेर (पश्चिम) विधायक सेवा केंद्र तथा रोजगार विभाग द्वारा आयोजित रोजगार एवं कैरियर मेले के दौरान यह बात कही। मेले में पांच हजार से अधिक युवाओं की भागीदारी रही। पशुपालन मंत्री कुमावत और विधायक व्यास द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तीन लाभार्थियों को चैक, पालनहार योजना के तहत सुशीला बिस्सा, तारावती पुरी, सुमित्रा बन तथा फरीदा बानो को स्वीकृति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जगदीश, गिरधारी, सत्यप्रकाश, अर्जुन तथा धनराज की पीपीओ दिए गए। विधायक व्यास, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित और महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने फीता काट और दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने मेले का अवलोकन किया और ऐसे आयोजनों को युवाओं के लिए लाभदायक बताया।

### प्रदर्शनी से दिया पोषण का संदेश



गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने में पोषण मेले में प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत सप्तम पोषण माह 1-30 सितम्बर का जिला स्तरीय आयोजन व समापन समारोह सोमवार को अंधविद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ. मंजू और अतिरिक्त जिला कलेक्टर रीना छिम्पा द्वारा मां शारदे के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उपस्थितजनों द्वारा सभी परियोजनाओं की कार्यकर्ताओं से पोषाहार की स्टॉल पर अवलोकन एवं व्यजंनों का स्वाद चखते हुए आंगनबाडी कार्यकर्ताओं से वार्ता की गई। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा अवगत करवाया गया कि आंगनबाडी केन्द्र पर प्राप्त होने वाले पोषाहार से विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किये गये हैं। गर्भवती महिलाओं के पोषण युक्त आहार का सेवन से संबंधित पोषक तत्व हरी सब्जी, फल, अंकुरित दाल आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया। जिला कलेक्टर द्वारा गर्भवती महिलाओं को फलों की टोकरी देकर गोद भराई की रस्म की गई। शिव इन्द्रपाल नर्सिंग ट्यूटर द्वारा बच्चों व गर्भवतियों को अपना ख्याल कैसे रखना है के बारे में बताया गया। डायटीशियन निवेता बजाज द्वारा संतुलित आहार के बारे में उपयोगी जानकरी दी, जो आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को गर्भवतियों से साझा करने का आव्हान किया गया।

### पैदल यात्री आज साठिका रवाना

**बीकानेर,** (कासं)। करणी माता के ससुराल धाम साठीका के लिए बीकानेर से एक पैदल यात्रियों का जत्था मंगलवार को साय 3 बजे अम्बेडकर कालोनी में स्थित करणी माता मंदिर में श्री सुमेरदान बीठू के नेतृत्व में रवाना होगा। इसी प्रकार दूसरा जत्था ग्राम उदयरामसर से मेहाई मित्र मण्डल राहुल शर्मा के नेतृत्व में दो अक्टूबर को सांय 5 बजे रवाना होगा। एडवोकेट सुमेरदान बीठू ने बताया कि पैदल संघ उदयरामसर होते हुए थर्मल प्लान्ट के पास से बासी बरसिहसर, लालमदेसर, जयसिंहदेसर, मुंझासर से 2 अक्टूबर साठिका धाम पहुंचेगा।

# कपास करेगा मालामाल, एम.एस.पी. पर होगी खरीद

■ मंडियों में अगले सप्ताह से कपास की आवक शुरू होगी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। अबकी बार खरीफ की प्रमुख फसल कपास मतलब सफेद सोने की स्थिति ठीक है। अगेती खेती करने वाले करीब दस प्रतिशत किसानों के खेत में कुछ आंशिक नुकसान हो सकता है। क्योंकि शुरूआती दौर में गुलाबी सुंडी का प्रकोप रहा था। परंतु पछेती खेती करने वाले किसानों के खेतों की स्थिति तुलनात्मक रूप से ठीक है।

क्योंकि काफी हद तक पछेती बिजाई करने वाले किसानों ने सुंडी पर नियंत्रण कर लिया था। इस वजह से औसत उत्पादन प्रति हेक्टैयर 20 क्विंटल तक होने की संभावना है। इस बीच केंद्रीय कपास निगम यानी सीसीआई ने एक अक्टूबर से कपास खरीद को लेकर हनुमानगढ़ जंक्शन, टाउन, संगरिया, पीलीबंगा, रावतसर, गोलूवाला, नोहर व भादरा मंडी में खरीद केन्द्र घोषित कर दी है। इसके तहत आठ से बारह प्रतिशत तक नमी रहने पर किसानों को एमएसपी के तौर पर 7271 रूपए प्रति क्विंटल का भाव मिलेगा। ऑनलाइन गिरदावरी के आधार पर ही खरीद होगी। सभी केन्द्रों पर एक अक्टूबर से सरकारी खरीद प्रस्तावित है। सीसीआई की ओर से नियुक्त खरीद अधिकारी केवल शर्मा के अनुसार किसान वही बैंक खाता भुगतान के लिए प्रस्तुत करें, जो आधार कार्ड से लिंक हो। खरीद के 72 घंटों के भीतर किसानों को भुगतान करने का दावा सीसीआई के अधिकारी कर रहे हैं।

हनुमानगढ़ जिले में एक लाख सात हजार हैक्टेयर में कपास की खेती हुई है। इससे किसानों की जेब में अच्छी नकदी आने की संभावना है। कृषि विपणन विभाग हनुमानगढ़ के उप निदेशक डीएल कालवा के अनुसार कपास की सरकारी खरीद की तैयारियां मंडियों में पूरी कर ली गई है। खरीद अधिकारियों की नियुक्ति भी सीसीआई की ओर से कर दी गई है।

जैसे ही ढेरियां आनी शुरू होगी, खरीद शुरू कर दी जायेगी। हनुमानगढ़ जंक्शन मंडी में पांच तथा टाउन मंडी में नौ जीनिंग फैक्ट्रियों से सीसीआई ने अनुबंध किए हैं। इन फैक्ट्री संचालकों ने जो कोटेशन दिए थे, उसे स्वीकृत कर लिया गया है। यानी जिनिंग कार्य के लिए उक्त फैक्ट्रियां सहमत हो गई है। अब मंडियों में कपास की ढेरी आने का इंतजार है। जिले की मंडियों में अगले सप्ताह से कपास की आवक संभावित है। अभी अगेती फसलों में कपास की फसल तैयार हो गई है। दो-तीन दिनों में चुगाई कार्य शुरू होने की संभावना है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार दो-तीन दिन पहले अधिक तापमान की वजह से कपास की फसल आंशिक रूप से प्रभावित हुई। लेकिन अब तापमान ठीक है।

बी. आर. बाकोलिया, सहायक निदेशक, कृषि विभाग हनुमानगढ़ का कहना है कि इस बार अगेती कपास की फसल में गुलाबी सुंडी का कुछ प्रकोप रहा था। पछेती बिजाई के बाद सुंडी पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया। इस वजह से फसल की स्थिति ठीक है। अगले सप्ताह से कपास की आवक मंडियों में होने की संभावना है।

## अनुवाद ज्ञान पर संगोष्ठी

**बीकानेर,** (कासं)। प्रज्ञालय संस्थान द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस के अवसर पर प्रात: लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अनुवाद के राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस की सार्थकता महत्वपूर्ण है। क्योंकि अनुवाद के माध्यम से वैश्विक स्तर पर और भारतीय संदर्भ में अनुवाद ज्ञान का प्रसार एवं संस्कृति का संवाहक है तथा राष्ट्रों के मध्य परस्पर अवगमन और सद्भाव की वृद्धि में योगदान करता है। साथ ही भाषाओं और संस्कृतियों की समृद्धि को संरक्षित और सम्मानित भी करता है। अनुवाद साहित्य, विज्ञान और दर्शन तकनीक और सूचना तक पहुंच का सक्षम साधन है। जिससे लक्ष्य भाषा और भाषा संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

रंगा ने आगे कहा कि भारतीय संदर्भ में अनुवाद की लम्बी परंपरा है, करीब ढाई शताब्दियों पहले भगवत गीता का अंग्रेजी में अनुवाद हुआ था। इसी तरह बौद्ध भिक्षुओं ने प्राचीन काल में भारतीय ग्रंथों का चीनी भाषा में अनुवाद किया था।

# तंबाकू मुक्त अभियान, 51 चालान काटे

■ तंबाकू मुक्त अभियान के तहत जिला स्तरीय टीम ने बस स्टैंड, ब्लॉक एरिया व गोल बाजार एरिया में कोटपा अधिनियम के तहत चालान काटे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की जिला एवं खण्ड स्तरीय टीमों ने प्रमुख स्थलों पर कोटपा अधिनियम के तहत 51 चालान काट कर करीब सात हजार रूपए राजस्व अर्जित किया और दुकानदारों से समझाइश की।

जागरूकता कार्यक्रमों के साथ ही आगामी दिनों में कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने आमजन से अपील की है कि वे नशा मुक्त श्रीगंगानगर एवं तंबाकू मुक्त युवा अभियान में अपना योगदान दें ताकि नशे के खिलाफ सामूहिकता से लड़ा जा सके। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि तंबाकू मुक्त अभियान के तहत जिला स्तरीय टीम ने बस स्टैंड, ब्लॉक एरिया व गोल बाजार एरिया में कोटपा अधिनियम के तहत चालान किए गए।

इस दौरान टीम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. करण आर्य, कोटपा प्रभारी अजय सिंह शेखावत, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई व हेमंत शर्मा शामिल थे। जिला स्तरीय टीम ने हर्ष पुत्र कुणाल, रवि पुत्र पूर्णचंद, दीपक पुत्र लेखराज, बिट्टू पुत्र रामप्रसाद, केवल पुत्र रामप्रसाद, टिंकू पुत्र शंकरलाल, ललित कुमार पुत्र राजकुमार, रमेश पुत्र मलूराम, जयकिशन पुत्र चंदूराम, महादेव पुत्र रेवाचंद, अशोक कुमार पुत्र साहिब दिता के चालान काटे। इसी तरह खण्ड स्तर पर चालान काटे गए।

इस दौरान खुले में बेची जा रही तंबाकू सामग्री को हटवाया गया और अवैध रूप से नशे को बढ़ावा देने वाली सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

# 'निर्माधाधीन कार्यों की गुणवत्ता जांचें अधिकारी'

**बीकानेर,** (कासं)। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने आर्थिक एवं संख्यिकी विभाग को जन आधार कार्ड में अनामांकित व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए नामांकन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अभी तक जिले में कुछ परिवारों के सदस्यों का नाम जन-आधार में अंकित नहीं हो पाया है। जन आधार में अनामांकित सदस्यों को जुड़वाने से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित पात्र व्यक्ति को मिल सकेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने शिक्षा विभाग को मनरेगा के अंतर्गत विद्यालयों में स्वीकृत शौचालय एवं चारदीवारी के निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माण के दौरान उपयोग में आने वाली सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी निर्माणाधीन स्थलों का फील्ड विजिट कर, धरातल पर कार्यों की समीक्षा करें। रसद विभाग द्वारा जिले में संचालित पेट्रोल पम्पों के निरीक्षण विशेष अभियान चलाकर किए जाएं। उन्होंने पेट्रोल पंप पर पीने का पानी, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करें।

## ट्रैकिंग कैम्प के लिए दो कैडेट का चयन

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दियातरा के दो एनसीसी कैडेट्स का चयन राष्ट्रीय स्तर के ट्रैकिंग कैम्प के लिए हुआ है। शाला प्रधान भंवर लाल कडेला ने बताया कि दोनों कैडेट्स अलवर में आयोजित होने वाले इस शिविर में भाग लेने के लिए सोमवार सुबह रवाना होंगे। एनसीसी प्रभारी राजकुमार लोहार ने बताया कि कैडेट कुलदीप बिश्नोई व किशन सिंह का चयन साक्षात्कार व शारीरिक दक्षता परीक्षण के आधार पर किया गया है। दोनों कैडेट्स एएनओ कीर्ति बंसल व पीआई स्टाफ सूबेदार योगेश पाल के नेतृत्व में भाग लेंगे।

# 0-6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार पर चर्चा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पोषण अभियान जिला अभिसरण समिति की बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में हुई। इसमें पोषण योजना अंतर्गत नाटापन, दुबलापन, कुपोषण की दर में कमी लाने, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं और 0-6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने पर चर्चा की गई।

बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की स्थिति, आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन, आईसीडीएस लाभान्वितों का वितरण, मातृ वंदना योजना और पोषण योजना की प्रगति रिपोर्ट ली। जिला कलेक्टर ने बीबीबीपी के तहत विभिन्न सीएचसी स्तर पर पालना गृह बनाने, खेलों और स्कूलों में आईईसी गतिविधियां करवाने, जिला स्तर पर वर्कशॉप आयोजित करवाने के निर्देश दिए। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र नियमन एवं अनुदान योजना, इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, महिलाओं और बालिकाओं को नि:शुल्क आरएससीएसईपी प्रशिक्षण, जिला महिला समाधान के उद्देश्यों सहित उड़ान योजना पर समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि पोषाहार तथा सेनेटरी नैपकिन का समयबद्ध वितरण हो। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आमजन को जागरूक करने, सर्वे करने, पानी भराव वाले क्षेत्रों में फोगिंग करने, संवेदनशील क्षेत्रों में अधिकाधिक सैम्पल लेने, सूखा दिवस के प्रचार प्रसार, नशा मुक्ति को लेकर निर्देश दिए। बैठक में आईसीडीएस उपनिदेशक प्रवेश सोलंकी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, डॉ. सुनील विद्यार्थी, डीईओ हंसराज जाजेवाल, डीपीएम वैभव अरोड़ा मौजूद थे।

# देश की जी.डी.पी. में पशुपालन का बहुत बड़ा योगदान : जोराराम कुमावत

■ पशु चिकित्सकों, पशु परिचरों एवं पशुधन सहायकों के रिक्त पद भरने का आश्वासन दिया

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय बीकानेर में सोमवार को संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के साथ पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के साथ वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राजस्थान कृषि एवं पशुपालन प्रधान राज्य है। देश की जी.डी.पी. में पशुपालन का बहुत बड़ा योगदान है। राजस्थान सरकार का पशुपालन क्षेत्र के सुदृढीकरण का हरसंभव प्रयास रहेगा। पशुपालन मंत्री ने हाल ही में पशुचिकित्सकों की लम्बित भर्ती का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पशु चिकित्सा क्षेत्र को स्वावलम्बन मिलेगा एवं पशुपालन क्षेत्र से जुडे॰कार्यों का सुचारू संचालन होगा। मंत्री ने भविष्य में भी पशु चिकित्सकों, पशु परिचरों एवं पशुधन सहायकों के रिक्त पदों को भरने के लिए भी आश्वासन दिया। पशु चिकित्सा क्षेत्र मोबाइल वेटरनरी यूनिट के संचालन, विश्वविद्यालय को भी पशु चिकित्सा हेतु नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाने, पशु चिकित्सालय एवं पशु उपकेन्द्रों को क्रमोन्नत करने, वेटरनरी विद्यार्थियों के इन्टर्शिप मानदेय में बढ़ोतरी आदि विभिन्न मुद्दों के शीघ्र समाधान की संभावना व्यक्त की।




पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने वेटरनरी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

पशुपालन मंत्री ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सभी मांगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार के सम्मिलित एवं समुचित प्रयासों से पूरा करने की बात कही ताकि पशुपालन को बढ़ावा मिल सकें। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा बीकानेर की धरा का पशुपालन, गोपालन, देवस्थल एवं सांस्कृतिक संरक्षण में विशेष महत्व है। कुलपति आचार्य दीक्षित ने वेटरनरी विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के पशुपालकों एवं पशु चिकित्सा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों को बताया। संवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक बीकानेर पश्चिम जेठानन्द व्यास, विधायक डूंगरगढ़ ताराचन्द सारस्वत, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, भी उपस्थित थे।

# 'शिवपुर हैड और नग्गी क्षेत्र में भी पर्यटन संबंधी गतिविधियां बढ़ाए'

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में हुई।

इस दौरान गंगानगर जिला स्थापना दिवस 26 अक्टूबर को समारोह पूर्वक आयोजित करने पर चर्चा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि पर्यटन विभाग की ओर से आवश्यक कार्य योजना तैयार की जाये। इसमें जिला स्तरीय अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाये। बैठक में जिला स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बॉर्डर टूरिज्म को विकसित करने के साथ-साथ हिन्दुमलकोट, शिवपुर हैड और नग्गी क्षेत्र में भी पर्यटन संबंधी गतिविधियां बढ़ाई जाये। इसके लिये पर्यटन विभाग के साथ-साथ जिला स्तरीय अधिकारी भी आवश्यक कार्य योजना बनाएं।

शिवपुर हैड पर पिकनिक स्पॉट और बोटिंग साईट बनाये जाने पर भी चर्चा हुई। जिला स्थापना दिवस पर विद्याथियों, युवाओं और आमजन की सहभागिता से सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेंटिंग प्रतियोगिता, वॉल पेंटिंग सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। गंगानगर स्थापना दिवस को समारोहपूर्वक आयोजित करने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने हेतु पर्यटन विभाग को निर्देश दिए। लोक कलाकारों को आयोजन से जोड़ते हुए जिले में पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा मिले, ऐसे कार्यक्रम किये जाएं। प्रमुख स्थानों पर लाईटिंग के साथ सफाई भी करवाई जाये।



गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक को संबोधित किया।

नशामुक्ति के लिए जिले में जारी ऑपरेशन सीमा संकल्प की थीम पर कार्यक्रम करने, सूरतगढ़ स्थित रेत के धोरों में सांस्कृतिक संध्या के अलावा श्रीकरणपुर के नग्गी क्षेत्र में बीएसएफ के सहयोग से कार्यक्रम आयोजन पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन रीना छिम्पा, जिला परिषद सीईओ सुभाष कुमार, नगर न्यास सचिव अशोक असीजा मौजूद थे।



ओलंपिक के लिए जाने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को दो लाख और प्रत्येक कोच को एक लाख का तैयारी अनुदान देने के प्रस्ताव को वित्त समिति, विशेषकर आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने रोक दिया। - पीटी उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष, पेरिस खेलों की भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए निर्धारित कोष को जारी करने से रोकने का आरोप लगाते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## रोहित शर्मा



कानपुर टेस्ट में भारत की शुरुआत बेहद शानदार रही है। वहीं रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट मैच में टी20 का तड़का लगाकर सबको हैरान कर दिया। बता दें कि, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भले ही टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायमेंट ले लिया है, लेकिन फैंस ने उनको इसका आभास होने नहीं दिया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में टी20 क्रिकेट जैसी पारी खेली और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। बता दें कि, रोहित शर्मा दुनिया के पहले ऐसे ओपनर बन गए हैं, जिन्होंने अपनी पारी की पहली दो गेंदों में दो छक्के जड़े।

**क्या आप जानते हैं ?...** बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते है क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 642 से अधिक टांके लगाये जाते है।

## दक्षिण अफ्रीका बांग्लादेश दौरे के लिये 15 सदस्यीय टेस्ट टीम घोषित

केपटाउन, 30 सितंबर। दक्षिण अफ्रीका ने अगले महीने होने वाले बांग्लादेश के टेस्ट दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीका ने 21 अक्टूबर से शुरु होने वाले बांग्लदेश दौरे के लिए तीन स्पिनर वाली टीम में सेनुरन मुथुसामी ने एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। केशव महाराज और डेन पीट पर स्पिन आक्रमण की जिम्मेदारी होगी। इस टीम में एकमात्र मैथ्यू ब्रीट्जके अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। टेम्बा बावुमा दो मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी टीम की अगुवाई करेंगे। पहला टेस्ट ढाका में तथा दूसरा टेस्ट चटगाँव में आयोजित किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका टीम के मुख्य टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड ने कहा, बांग्लादेश का दौरा करना हमेशा से ही मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा वे घरेलू मैदान पर एक मजबूत टीम हैं और हमें सामने आने वाली चुनौती के लिए तैयार रहना होगा। इसलिए हमने वहां सामने आने वाली परिस्थितियों के हिसाब से टीम चुनी है। उन्होंने कहा, हमारे पास तीन फ्रंटलाइन स्पिनर हैं और उनमें से सभी जरूरत पड़ने पर किसी भी समय अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। सेनुरन जैसे खिलाड़ी के लिए यह एक बेहतरीन मौका है, जिसमें बल्ले और गेंद दोनों से छाप छोड़ने की क्षमता है। हम वास्तव में यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह क्या कर सकते हैं। बांग्लादेश के लिए दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीम: टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंगहैम, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोर्जी, केशव महाराज, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन, डेन पिड्ट, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेलटन और काइल वेरिन।

## कुछ ओवरों का अभ्यास मिलना अच्छा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में काफी गेंदबाजी करनी होगी : बुमराह

नई दिल्ली, 30 सितंबर। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घरेलू श्रृंखला में अपना कार्यभार धीरे धीरे बढा रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि आस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में काफी गेंदबाजी करनी होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद भारतीय टीम को



आस्ट्रेलिया जाने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं। बुमराह ने चौथे दिन के खेल से पहले मेजबान प्रसारक से कहा ,''आस्ट्रेलिया में फिट रहने के लिये चतुर बनना होगा। इसलिये यहां कुछ ओवर अधिक मिलना अच्छा है क्योंकि वहां काफी गेंदबाजी करनी होगी।'' कानपुर टेस्ट में गीली आउटफील्ड के कारण दूसरे और तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका। बुमराह ने कहा ,'' मौसम हमारे हाथ में नहीं है लेकिन कुछ समय आराम मिलना भी अच्छा रहा। यहां के बाद चेन्नई के हालात में तुरंत ढलना होगा। '' भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। बुमराह ने कहा ,'' मेरा पसंदीदा प्रारूप टेस्ट है। मैं उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।

## भारतीय टीम के पाक दौरे पर फैसला

नई दिल्ली, 30 सितंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा किराष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना



है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है। शुक्ला ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा, ''अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।हमारी नीति यह है कि अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं।'' उन्होंने कहा, '' इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे।'' मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंटों में होता है। बीसीसीआई आईसीसी से टूर्नामेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है। एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूर्नामेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हालांकि चैम्पियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है। पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी हसल अली ने भी हाल ही कहा था कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करता है, तो टूर्नामेंट को उनके बिना ही आयोजित करना चाहिए।

# विराट ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड

## इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 27 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बने



नई दिल्ली, 30 सितंबर। कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की है। भारत ने महज 25 ओवर में 200 रन का आंकड़ा छू लिया। ये किसी भी टेस्ट पारी में टीम का सबसे तेज 200 रन है। इसके साथ ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। इसके अलावा भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजी विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में नई उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 27 हजार रन पूरे हो गए हैं जो कि सचिन तेंदुलकर के नाम था।

बता दें कि, कानपुर टेस्ट के चौथे दिन रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने भारतीय पारी की शुरुआत बेहतरीन तरीके से की। दोनों बल्लेबाजों ने भारत को तूफानी शुरुआत देते हुए सबसे तेज 50 रन भारत के लिए पूरे किए। इसके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी इस गति को बरकरार रखते हुए सबसे तेज 100 रन, सबसे तेज 150, सबसे तेज 200 और सबसे तेज 250 न बनाने का रिकॉर्ड बनाया। सबसे तेज 100 और सबसे तेज 150 रन का रिकॉर्ड पहले भी भारत के ही नाम था। उसने 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जड़ा था।

वहीं सबसे तेज 200 रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम था जिसे आज भारत ने तोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ 2017 में 28.1 ओवर में सिडनी मैदान पर 200 रन जड़े थे। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 148 गेंद यानी 24.4 ओवर में 200 रन का आंकड़ा छुआ। इस दौरान विराट कोहली अर्धशतक जड़ने से चूक गए, उन्होंने 35 गेंद में 47 रन बनाए और शाकिब अल हसन के शिकार बन गए।

## कब तक खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेंगी आईपीएल टीमें

नई दिल्ली, 30 सितंबर। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के लिए टीमों के पास रिटेंशन फाइनल करने की डेडलाइन 31 अक्टूबर रखी गई है। आईपीएल फ्रेंचाइजी संयुक्त रुप से रिटेंशन और राइट- टू-मैच विकल्प चुन सकती है। अधिकतम 6 खिलाड़ी रिटेन हो सकते हैं, जिसमें पांच कैप्ड भारतीय और विदेशी और दो से ज्यादा अनकैप्ड भारतीय नहीं चुने जा सकते हैं। शनिवार को आईपीएल के संचालन



परिषद ने नियमों की घोषणा की। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्टूबर से पहले अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा। लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा। आईपीएल की ओर से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि, रिटेंशन और आरटीएम के लिए अपना संयोजन चुना आईपीएल फ्रेंचाइजी के अपने विकेट पर है। 6 रिटेंशन/ आरटीएम हो सकते हैं, जहां पांच अधिकतम कैप्ड खिलाड़ी और दो अधिकतम अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन

## सवाई मान गार्ड कप-6 गोल टूर्नामेंट आज से

जयपुर, 30 सितंबर। राजस्थान पोलो मैदान पर सितंबर पोलो सीजन के अंतर्गत सवाई मान गार्ड 6 गोल का पोलो टूर्नामेंट का पहला मैच वी पोलो टीम और कानोता पोलो टीम के बीच शाम 4 बजे खेला जायेगा। इस टूर्नामेंट आर्मी रेड टीम, क्राईसल पोलो और जयपुर यूएसपीए टीम शामिल है। वी पोलो टीम के ओर से डीनो धनकड़, नीमित मेहता, अगंद कलान और जिर्राडो मजीनी होंगे।

## बीसीसीआई के राष्ट्रीय अंडर-19 एकदिवसीय वीनू मांकड़ ट्रॉफी हेतु राजस्थान अंडर-19 टीम घोषित

जयपुर, 30 सितंबर। आरसीएएडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई द्वारा आगामी 4 व 12 अक्टूबर 2024 के दौरान नई दिल्ली में खेली जाने वाली राष्ट्रिय अंडर 19 एक दिवसीय वीनू मांकड़ ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान अंडर टीम का चयन राजस्थान जूनियर चयन समिति ने किया। राजस्थान अंडर 19 टीम की कप्तानी भरतपुर के कार्तिक शर्मा को सौंपी गयी व जयपुर के अभय शर्मा टीम के उपकप्तान होंगे।

## कानपुर टेस्ट में केएल राहुल का बल्ला बोला, कपिल देव के खास क्लब में हुई एंट्री

नई दिल्ली, 30 सितंबर। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। चौथे दिन बारिश बाधा नहीं बनी, ऐसे में मैदान पर भारतीय बल्लेबाजों का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। बांग्लादेश टीम पहली पारी में 233 रन पर सिमट गई। जवाब में टीम इंडिया ने तूफानी शुरुआत की। सभी भारतीय बल्लेबाजों ने आते ही बांग्लादेशी गेंदबाजों को खूब परेशान किया। वहीं केएल राहुल ने भी कानपुर टेस्ट में



ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने भारत को तूफानी शुरुआत दिलाई। इसके बाद शुभमन गिल और विराट कोहली ने इस सिलसिले को आगे बढ़ाया। इस बीच केएल राहुल ने 33 गेंदों में फिफ्टी जड़ी। इसके साथ ही वह दिग्गज कपिल देव के खास क्लब में शामिल हो गए। वह टेस्ट इतिहास में छठे सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। जबकि इस लिस्ट में टॉप पर ऋषभ पंत हैं।

## रियो पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला दीपा मलिक ने मनाया 54वां जन्मदिन



नई दिल्ली, 30 सितंबर। आज भारतीय पैरालंपियन खिलाड़ी दीपा मलिक अपना 54वां जन्मदिन मनाया । दीपा मलिक ने खेल जगत में अपना एक विशेष स्थान बनाया है। पैरालंपिक खेलों में मेडल जीतने वाली दीपा मलिक पहली महिला भारतीय हैं। हालांकि उन्होंने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया है, लेकिन उन्होंने कभी अपने हौसलों को कमजोर नहीं पड़ने दिया। दीपा खेल के अलावा सामाजिक और लेखन कार्य भी करती हैं। वर्तमान समय में दीपा मलिक हजारों-लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं।

जन्म और परिवार : हरियाणा के सोनीपत में 30 सितंबर 1970 में दीपा मलिक का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम बाल कृष्ण नागपाल, जोकि भारतीय सेना में थे। दीपा मलिक की जिंदगी में एक अहम मोड़ तब आया, जब साल 1999 में उनको स्पाइनल ट्यूमर हुआ। इसकी वजह से दीपा के शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया और उनको व्हीलचेयर पर निर्भर रहना पड़ा। हालांकि इस मुश्किल समय में भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपने जीवन के नए अध्याय की शुरूआत करने पर फोकस किया।

खेल जगत में बनाया नाम : बता दें कि दीपा मलिक न सिर्फ खेलों में बल्कि सामाजिक और लेखन कार्य भी करती हैं। वहीं वह गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए अभियान भी चलाती हैं। साथ ही सामाजिक संगठनों के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। दीपा मलिक शॉट पुटर के अलावा बाइकर, तैराक, भाला और डिस्कस थ्रोअर भी हैं। रियो पैरालंपिक खेलों में उन्होंने रजत पदक जीतकर वह पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं।

पुरस्कार : साल 2012 में दीपा मलिक को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनका नाम भाला फेंक में एशियाई रिकॉर्ड में दर्ज है। जबकि साल 2011 में विश्व चैंपियनशिप में शॉटपुर और डिस्कर थ्रो में रजत पदक जीते थे। वहीं साल 2019 में दीपा मलिक को खेल रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है। पैरालिंपिक खेलों में पदक जीतने वाली दीपा मलिक पहली भारतीय महिला एथलीट हैं। वह ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थीं और घर पर बिस्तर पर थीं। दीपा की स्पाइनल ट्यूमर की सर्जरी तब हुई थी, जब उनके पति कर्नल विक्रम सिंह कारगिल में देश के लिए लड़ रहे थे।

## अश्विन ने बांग्लादेश के दो विकेट झटक कर मैच को बनाया रोमांचक

कानपुर, 30 सितंबर। यशस्वी जयसवाल (72) और केएल राहुल (68), विराट कोहली (47) और शुभमन गिल (39) रनों की शानदार पारियों के बाद रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश की दूसरी पार में दो विकेट झटकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को मैच को रोमांचक बना दिया है।

बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम और जाकिर हसन ने दूसरी पारी में संभल कर खेलने का प्रयास किया। कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाजों को आजमाने के बाद आठवें गेंद आर अश्विन को थमाई और उन्होंने पहली ही गेंद को सार्थक करते हुए जाकिर हसन (10) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हसन महमूद (चार) को बोल्ड कर अश्विन ने बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय शादमान इस्लाम (नाबाद सात) और मोमिनुल हक (नाबाद शून्य) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर से अश्विन ने पांच ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिये।

इससे पहले यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल,विराट कोहली और शुभमन गिल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन नौ विकेट पर 285 के स्कोर पर 52 रनों की बढ़त के साथ पारी घोषित कर दी थी।

बांग्लादेश को पहली पारी में 233 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारत की यशस्वी जयसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिये 3.5 ओवर में 55 रन जोड़ डाले। चौथे ओवर में मेहदी हसन मिराज ने रोहित शर्मा को बोल्ड आउट किया। रोहित ने 11 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 23 रन बनाये।

15वें ओवर में हसन महमूद ने शतक की ओर बढ़ रहे जयसवाल को बोल्ड कर भारत को बड़ा झटका दिया। जयसवाल ने 51 गेंदों में दो छक्के और 12 चौकों की मदद से 72 रनों की पारी खेली। शुभमन गिल (39) ऋषभ पंत (9) रन बनाकर आउट हुये। विराट कोहली ने 35 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (47) रनों की पारी खेली। केएल राहुल ने 43 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए (68) रन बनाये। रवींद्र जडेजा (आठ) और आर अश्विन (12) रन बनाकर आउट हुये। भारत ने 34.4 ओवर में नौ विकेट पर 285 के स्कोर पर पारी घोषित की।

बांग्लादेश की ओर से शाकीब अल हसन और मेहदी हसन मिराज ने चार-चार विकेट लिये। हसन महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह और अन्य गेंदबाजों ने वर्षा बाधित दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन बांग्लादेश की पहली पारी को 233 के स्कोर पर समेट दिया था। करीब ढाई दिन बारिश और आउटफील्ड गीला होने के कारण आज सुबह बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम का स्कोर 112 रन हुआ था कि जसप्रीत बुमराह ने मुशफिकुर रहीम (11) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने लिटन कुमार दास (13) को रोहित शर्मा के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश को पांचवां झटका दिया। शकिब अल हसन (9) को अश्विन ने आउट किया। लंच के समय तक बांग्लादेश ने छह विकेट पर 210 रन बना लिये थे।

लंच के बाद बांग्लादेश का सातवां विकेट मेहदी हसन मिराज के रूप में गिरा। जमने का प्रयास कर रहे मेहदी हसन मिराज (20) को बुमराह ने गिल के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद तैजुल इस्लाम (5) को बुमराह ने बोल्ड कर दिया। हसन महमूद (1) को मोहम्मद सिराज ने पगबाधा आउट किया। रविंद्र जडेजा ने खालिद अहमद (शून्य) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर बंगलादेश की पारी को समेट दिया। मोमिनुल हक (नाबाद 107) रहे। बांग्लादेश की पहली पारी 74.2 ओवर में 233 के स्कोर पर सिमट गई। इससे पहले लंच ब्रेक तक बांग्लादेश ने 67 ओवरों में छह विकेट के नुकसान के साथ 210 रन बनाए हैं। मोमिनुल हक 106 रन बनाकर खेल रहे और मेहदी छह रन बनाकर खेल रहे थे। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने 50 रन देकर तीन विकेट लिये। मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और आकाश दीप ने दो-दो विकेट लिये।

## रविंद्र जडेजा ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 300 विकेट लेकर तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, 30 सितंबर। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच कानपुर में खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन भारतीय स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे किए हैं। खालिद अहमद उनका 300वां विकेट रहे। इसके साथ ही जडेजा ऐसा करने वाले भारत के कुल 7वें गेंदबाज और चौथे स्पिनर बने हैं। रविंद्र जडेजा के अलावा टेस्ट में भारत के लिए 300 या उससे ज्यादा विकेट अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) ने लिए हैं। वर्ल्ड क्रिकेट की बात करें तो जडेजा 300 विकेट झटकने वाले दुनिया के 38वें गेंदबाज हैं। इसके अलावा वह भारत के पहले बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं, जिन्होंने 300 विकेट अपने नाम किए हैं। टेस्ट क्रिकेट में मुथैया मुरलीधरन के नाम सबसे ज्यादा विकेट (800) हैं।

इसके साथ ही भारतीय धरती पर जडेजा ने पहला टेस्ट साल 2012 में खेला था। उन्होंने 46



मुकाबले खेले हैं और लगभग 20 की औसत से 219 विकेट लिए हैं। उन्होंने 11 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। इस खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/42 का रहा है। उन्होंने 2 बार दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट भी लिए हैं। जडेजा ने भारतीय सरजमीं पर सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में कपिल देव (219) की बराबरी कर ली है।

वहीं जडेजा के टेस्ट करियर की बात करें तो, उन्होंने अपना पहला टेस्ट 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने 74 टेस्ट मैच खेले हैं इसकी 138 पारियों में लगभग 24 की औसत से 300 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 13 बार 5 विकेट हॉल किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/42 का रहा है। जडेजा ने गेंद के अलावा बल्ले से भी कमाल किया है। उन्होंने 36.72 कि औसत से 3,122 रन भी बनाए हैं। उनके बल्ले से 4 शतक और 21 अर्धशतक भी निकले हैं।

## हाइब्रिड एसआईएसग्रास क्रांति : क्या यह भारतीय क्रिकेट का भविष्य है

नई दिल्ली, 30 सितंबर। भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में खेल के उच्च गुणवत्ता वाले सर्फेस के महत्व को कम कर नहीं आंका जा सकता। क्रिकेट के क्षेत्र में हाइब्रिड टेक्नोलॉजी की उभरती भूमिका को समझाते हुए इस खंड की वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी, एसआईएस पिचेज के अंतरराष्ट्रीय बिक्री निदेशक श्री पॉल टेलर ने भारत की विभिन्न किस्म की जलवायु से जुड़ी चिंता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि, एसआईएसग्रास हाइब्रिड पिचों को लचीलेपन के लिए डिज़ाइन किया गया है। एकीकृत प्राकृतिक घास और सिंथेटिक फाइबर उच्च तापमान और आर्द्रता का सामना कर सकते हैं, जिससे भारत की अलग-अलग जलवायु वाली परिस्थितयों में लगातार प्रदर्शन सुनिश्चित होता है।''

टेलर ने आगे कहा कि एसआईएस पिच इंस्टॉलेशन के अलावा भी समर्थन प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया, ''हम इंस्टॉलेशन के बाद व्यापक सहायता प्रदान करते हैं, जिसमें शेड्यूल किए गए आकलन, अनुकूलित रखरखाव मार्गदर्शन और



निरंतर तकनीकी सहायता शामिल है। इससे पिचें लंबे समय तक बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं और हमारे ग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ मिलता है।''

टेलर ने आश्वस्त किया कि एसआईएस पिच इस क्षेत्र में अग्रणी इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया, हम लगातार सामग्री की मज़बूती, सुव्यवस्थित इंस्टॉलेशन प्रक्रियाओं और पर्यावरण की दृष्टि से वहनीय रखरखाव तकनीकों में प्रगति के लिए शोध एवं विकास कर रहे हैं।''

टेलर के अनुसार, हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का लाभ सिर्फ पिच की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है। उन्होंने बताया, ''हाइब्रिड पिच की मज़बूती अधिक सटीक रणनीतिक योजना बनाने में मदद करती है। मैच शेड्यूल अधिक सटीक हो सकते हैं, और टीमें खेल के सर्फेस के बारे ठोस जानकारी के साथ अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी ढंग से रणनीति बना सकती हैं।''

एसआईएस पिच के लिए का दृष्टिकोण स्पष्ट है। कंपनी भारतीय क्रिकेट को वह बुनियादी ढांचा प्रदान करना चाहती है जिसका वह हकदार है। खेल के लिए नवोन्मेषी, लचीले और सुसंगत सर्फेस की पेशकश कर, कंपनी खेल के स्तर को ऊपर उठाना चाहती है, ताकि खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें और प्रशंसक लगातार उच्च स्तर के खेल का आनंद ले सकें। ऐसा लगता है कि भारतीय क्रिकेट प्रौद्योगिकी क्रांति - एक बार में एक हाइब्रिड पिच - के लिए तैयार है।

## भारत के पिस्टल और राइफल निशानेबाजी ने 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में जीते कांस्य पदक

लीमा, 30 सितंबर। भारत की गौतमी भनोट और अजय मलिक की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम तथा लक्षिता और प्रमोद की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 में कांस्य पदक जीते। रविवार को पेरू की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में प्रतिस्पर्धा करते हुए गौतमी और अजय ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच में क्रोएशिया के अनामरिजा तुर्क और डार्को टोमासेविक को 17-9 से हराया।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने "राइज़िंग राजस्थान" ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत नई दिल्ली में हुई इन्वेस्टर्स मीट को संबोधित किया। इस दौरान 8 लाख करोड़ रु. के एम.ओ.यू. भी साइन हुए।*

# मुस्लिम लॉ बोर्ड के महासचिव का आमेर में 1,400 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा- किरोड़ी लाल मीणा

## कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा, इसमें मंदिर माफी, सिवाय चक व पुलिस को आवंटित भूमि शामिल है

- **डॉ. किरोड़ी ने कहा, फज़ल उर रहीम ने खड़गे, अशोक गहलोत, सिद्धारमैया, सलमान खुर्शीद, शरद पवार व स्टालिन आदि के साथ मिलकर देश में अशांति व अस्थिरता फैलाने का काम किया है।**
- **उन्होंने मामले की, ई.डी. सी.बी.आई. और एस.ओ.जी. से जाँच कराने की माँग की।**

जयपुर, 30 सितंबर। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने प्रेसवार्ता कर आरोप लगाया कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव फज़ल उर रहीम ने जयपुर में मंदिर माफी, सिवाय चक और पुलिस विभाग को आवंटित करीब 1400 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। ऐसे ही अवैध कब्जे देश के कई राज्यों में किए हुए हैं।

किरोड़ी लाल ने कहा कि फजल उर रहीम अब कांग्रेस समेत विपक्षी राजनेताओं के साथ मिलकर संसद में पेश किये गये "वक्फ संशोधित बिल 2024" को लेकर देश में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा व्यक्ति, जो वक्फ सहित मंदिर, ट्रस्ट एवं आदिवासियों की जमीन को बेचकर राष्ट्र विरोधी कार्यों में लिप्त है, वही व्यक्ति, एक संगठित गिरोह बनाकर वक्फ बिल का विरोध कर रहा है। इस मामले की ई.डी., सी.बी.आई. और एस.ओ.जी. से जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि फज़ल उर रहीम ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद, एन.सी.पी. के शरद पवार, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन सहित अनेक लोगों के साथ मिलकर देशभर में नरेन्द्र मोदी के खिलाफ षडयंत्र रचकर आम मुस्लमान भाईयों को भड़काते हुए देश में अशांति और अस्थितरता फैलाने का काम किया है। एक ओर फज़ल उर रहीम द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वक्फ, ट्रस्ट और मंदिर माफी की जमीनों को हड़पा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर, खाड़ी देशों से अवैध धन प्राप्त कर देश -विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्टे आदेश के बावजूद, फज़ल उर रहीम और इसके भाई जिया उर रहीम ने कुछ लोगों के साथ मिलकर किशनपुरा, आमेर में 900 बीघा राजकीय भूमि पर कब्जा कर धर्म विशेष के लोगों की 12 अवैध कॉलोनी बसा दीं। इसके अलावा, किशनपुरा व आमेर में राजस्थान पुलिस विभाग को आवंटित 500 बीघा पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि फज़ल उर रहीम की बेटी सुल्ताना राजस्थान महिला कांग्रेस में महासचिव, दामाद मोहम्मद शोएब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सदस्य है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में अपनी बेटी-दामाद के साथ मिलकर फज़ल उर रहीम ने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर लिया।

किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि फज़ल उर रहीम ने मंदिर माफी की जमीन पर एक दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियां बसा दीं। इनमें कामां नगर, अशरफ कॉलोनी, जामिया नगर, कबीर नगर, इबादत नगर, मदीना नगर, हिदायत नगर, कलाम नगर, रंगरेज सिटी, एम के विहार, डायमंड नगर और स्टार सिटी शामिल हैं।

किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि फज़ल और जिया-उर-रहीम ने 2005 में फर्जी इकरारनामा के जरिए जामिया हिदायत ट्रस्ट, जयपुर और मौलाना अब्दुल रहीम एजुकेशनल ट्रस्ट की, जयपुर व अहमदाबाद में स्थित 18 से 20 बीघा भूमि करोड़ों रुपए में बेचकर इन पर समुदाय विशेष की अवैध कॉलोनियां बसा दीं। इन्होंने मुंबई में भी आदिवासियों की जमीन को बेचकर करोड़ों रुपए अर्जित किए। फज़ल ने मौलाना अब्दुल रहीम एजुकेशनल ट्रस्ट व मूसा फाउण्डेशन ट्रस्ट बना कर इन ट्रस्टों के बैंक खातों में करोड़ों रूपयों का लेनदेन किया, जो कि एफ.सी.आर.ए. का उल्लघंन है।

किरोड़ीलाल मीणा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जयसिंहपुरा खोर पुलिस थाने में इनके खिलाफ, जमीनों के अवैध कब्जा करने सहित अन्य 5 मुकदमे लगाए गए, लेकिन, कांग्रेस सरकार ने इन की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की। कोर्ट से इस्तेगासे के माध्यम से दर्ज मुकदमों में कार्रवाई करने की बजाय, उनमें एफ.आर. लगाकर फाइल बंद कर दी गई।

# केवल एम.ओ.यू. नहीं करेंगे, परियोजनाओं को धरातल पर उतारेंगे- भजनलाल

## राइज़िंग राजस्थान के दिल्ली रोड शो में 8 लाख करोड़ रूपए के एम.ओ.यू. साइन हुए

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल एक अक्टूबर को केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ कॉनक्लेव तथा प्रमुख देशों के राजनयिकों के साथ राउन्डटेबल में भाग लेगा।**
- **दिल्ली में ऊर्जा, पावर, ट्रांसमिशन, तेल और गैस, सी.एन.जी., लॉजिस्टिक्स तथा एग्रोटेक आदि क्षेत्रों में टाटा पावर, इण्डियन ऑयल, अवाडा ग्रुप, एन.एच.पी.सी, रियायंस बायो एनर्जी, टॉरैंट पावर, स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन, महिन्द्रा सस्टेन प्राइवेट लिमिटेड, टी.एच.डी.सी. इंडिया, ऑयल इण्डिया, ज़िन्दल रिन्यूएबल पावर, एस्सार रिन्यूएबल्स, इन्द्रप्रस्थ गैस, अडानी लॉजिस्टिक तथा जे.के. सीमेण्ट के साथ एम.ओ.यू. किये गये।**

नई दिल्ली, 30 सितंबर। "राइज़िग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024" के तहत आज देश की राजधानी नई दिल्ली में 'इन्वेस्टर मीट' का आयोजन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में किया गया। 'इन्वेस्टर मीट' के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए राज्य सरकार के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और विभिन्न कंपनियों के बीच 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। आज हुए एमओयू के साथ, प्रदेश में निवेश के लिए किए गए एमओयू का कुल मूल्य 12.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो 2047 तक राज्य को 'विकसित राजस्थान' में बदलने के राजस्थान सरकार के प्रयासों में निवेशक और व्यापार समुदाय के दृढ़ विश्वास को दर्शाता है।

दिल्ली में आयोजित इस 'इन्वेस्टर मीट' में मुख्यमंत्री शर्मा के अलावा राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और राजस्थान सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

इस 'इन्वेस्टर मीट' में उद्योग एवं व्यापार जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं और इस दौरान अक्षय ऊर्जा, पावर ट्रांसमिशन, तेल और गैस, सीएनजी, लॉजिस्टिक्स, एग्रोटेक जैसे कई क्षेत्रों में निवेश के लिए एम.ओ.यू. हुए। प्रदेश में निवेश के लिए जिन प्रमुख कंपनियों और औद्योगिक समूहों ने सरकार के साथ एमओयू किया, उनमें टाटा पावर, इंडियन ऑयल, अवाडा ग्रुप, एनएचपीसी, रिलायंस बायो एनर्जी, टॉरैंट पावर, स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन, महिंद्रा सस्टेन प्राइवेट लिमिटेड, टीएचडीसी इंडिया, ऑयल इंडिया, जिंदल रिन्यूएबल पावर, एस्सार रिन्यूएबल्स, इंद्रप्रस्थ गैस, अडानी लॉजिस्टिक्स, जेके सीमेंट, बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स जैसी कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

इस दौरान, देशी-विदेशी निवेशकों, उद्योग और व्यापार जगत के दिग्गजों, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और अन्य संबंधित स्टेकहोल्डर्स को राज्य में निवेश करने और 9-10-11 दिसंबर को जयपुर में आयोजित "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024" में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया गया।

निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, राजस्थान एक परिवर्तनकारी युग की दहलीज पर खड़ा है और विकास और समृद्धि के लिए हमने एक नए दृष्टिकोण को अपनाया है। हमारी सरकार अगले पाँच वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 180 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करते हुए 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बनाने के लिए कृतसंकल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक भूमि के अधिग्रहण और विकास को सरल बनाया गया है और निजी औद्योगिक पार्क योजना और लैंड एग्रीगेशन एंड मॉनटाइज़ेशन पॉलिसी जैसी पहलें शुरू की जा रही हैं, ताकि कारोबारियों को अपने व्यापार का विस्तार करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार का ध्यान केवल निवेश संबंधी एमओयू करने पर नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर लाकर परियोजनाओं में बदलना है।

इस अवसर पर बोलते हुए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करते हैं, जहां राजस्थान न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध हो, बल्कि समावेशी और सतत विकास के लिए एक मानक भी स्थापित करे। मैं सभी निवेशकों से राजस्थान आने का आव्हान करता हूं। हमारे राज्य में निवेश करके, आप हमारे प्रचुर संसाधनों और स्ट्रेटैजिक लोकेशन का उपयोग करके मजबूत सप्लाई चेन और सहयोगी उपक्रम बना सकते हैं।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा, यह इन्वेस्टमेंट समिट अगले 5 वर्षों में राज्य को 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की शुरुआत है। राज्य में निवेश करने का यह उपयुक्त समय है।

इस अवसर पर उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने एक प्रेजेंटेशन देते हुए कहा कि राजस्थान दिल्ली से काफी नजदीक है और इस स्ट्रैटेजिक लोकशन का फायदा राज्य में निवेश करके निवेशक उठा सकते हैं।

इसके अलावा, 1 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के नेतृत्ववाला राजस्थान सरकार के अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, डेनमार्क, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, तुर्की, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ब्राज़ील, कतर, दक्षिण अफ्रीका जैसे प्रमुख देशों के राजदूतों/राजनयिकों के साथ एक राउंडटेबल की मेजबानी करेगा। इसमें राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण नीतिगत बदलावों और निवेशकों को विभिन्न क्षेत्रों दिए जा रहे में फिस्कल/नॉन-फिस्कल इन्सेंटिव्स वगैरह की जानकारी दी जाएगी।

इससे पहले, उसी दिन सुबह मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाला यह प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के कॉन्क्लेव में भी शामिल होगा और केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज) के चेयरमैन/सीईओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा एवं उन्हें राज्य में नई परियोजनाओं पर काम करने या सहयोग के नए अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टी.टी.डी. की ओर से, वरिष्ठ एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि एक ही सप्लायर द्वारा जून तथा 4 जुलाई तक सप्लाई किया गया घी विश्लेषण (जाँच) के लिये नहीं भेजा गया। यह वही घी था, जो 6 और 12 जुलाई को दो टैंकरों से प्राप्त हुआ था।

बैंच ने पूछा, "जब आपने एस.आई.टी. से जाँच कराने के आदेश दिये हैं, जो प्रैस तक जाने की क्या जरूरत थी? जब आप किसी संवैधानिक पद पर हैं, तो हम यह अपेक्षा रखते हैं कि आप भगवान को राजनीति से दूर रखेंगे.......आप को जानकारी जुलाई में मिलती है, 18 सितम्बर को आप सार्वजनिक बयान देते हैं। अगर आप सुनिश्चित नहीं हैं तो आपने सार्वजनिक बयान कैसे दिया?"

## कोलकाता की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अभी हाल ही में, ममता ने एक सार्वजनिक सभा में कहा था कि ट्राम-ट्रैक हाज़रा रोड जैसे आम रास्तों पर परेशानी का कारण बन गये हैं। उन्होंने कहा था कि उनके निवास-स्थान कालीघाट जाने वाली हाज़रा रोड बाइक वालों के लिये खतरनाक हो गई है। ट्राम -ट्रैक के कारण, उनके वाहनों के किसी भी क्षण फिसलने की आशंका रहती है।"

ट्राम -सेवा बन्द किये जाने के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका पहले से ही विचाराधीन है, जिसमें कहा गया है कि ट्राम 6-7 रु. प्रति व्यक्ति जैसे न्यूनतम किराये पर आवागमन सुविधा प्रदान कर रही हैं।

# सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ीं: ई.डी. ने केस दर्ज किया

## गत सप्ताह लोकायुक्त ने भी सिद्धारमैया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था

- **दूसरी ओर सिद्धारमैया अभी भी कह रहे हैं कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। वे इस्तीफा नहीं देंगे और कानूनी रुप से लड़ेंगे।**

नयी दिल्ली, 30 सितंबर। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय यानी ई.डी. ने सिद्धारमैया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आपको बता दें कि पिछले हफ्ते कर्नाटक के लोकायुक्त ने राज्य के सी.एम. और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। ये मामला मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एम.यू.डी.ए.) भूखंड आवंटन से जुड़ा है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ कोर्ट के आदेश के बाद केस दर्ज किया गया है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर एम.यू.डी.ए. द्वारा उनकी पत्नी बीएम पार्वती को 14 स्थलों के आवंटन में अनियमितता के आरोप हैं। आरोप है कि कर्नाटक के सी.एम. की पत्नी को 2011 में कथित तौर पर मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण की तरफ़ से तमाम नियमों को ताक पर रखकर 14 हाउसिंग साईट दी थी। राज्य में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी लगातार इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रही है और सी.एम. सिद्धारमैया का इस्तीफा मांग रही है।

लोकायुक्त द्वारा दर्ज किए गए केस में सिद्धारमैया को आरोपी नंबर एक, उनकी पत्नी बीएम पार्वती को आरोपी नंबर दो, उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी को आरोपी नंबर तीन और देवराजू, जिनसे मल्लिकार्जुन स्वामी ने जमीन खरीदकर पार्वती को उपहार में दी थी, उन्हें आरोपी नंबर चार बनाया गया है।

इस पूरे मामले पर कर्नाटक के सी.एम. सिद्धारमैया ने कहा है कि एम.यू.डी.ए. मुद्दे में उन्हें निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि विपक्ष उनसे डरा हुआ है। सिद्धारमैया ने साफ तौर पर कहा है कि जांच के आदेश के बावजूद भी वह सी.एम. पद से इस्तीफा नहीं देंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि वह इस्तीफा नहीं देंगे, क्योंकि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है। सिद्धारमैया ने कहा कि वह कानूनी रूप से मामला लड़ेंगे।

## महाराष्ट्र सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकार ने कहा प्राचीन काल से ही गायों का मानव जीवन में एक अनूठा महत्व रहा है। वैदिक काल से गायों के धार्मिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए उन्हें कामधेनु कहा जाता है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में गायों की अलग-अलग देशी नस्लें पाई जाती हैं, लेकिन दिन-ब-दिन देशी गायों की संख्या में भारी कमी आ रही है। देशी गायों के दूध में मानव आहार में अधिक पोषण मूल्य होता है। देशी गायों का दूध एक संपूर्ण आहार है, क्योंकि इसमें मानव शरीर के पोषण के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने देशी गायों के पालन के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया है क्योंकि राज्य में गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसका खर्च वहन नहीं कर सकती थीं, इसलिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया।

## वायु सेना के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पायलट स्ट्रीम में नियुक्त किया गया था। लगभग 40 वर्षों की लंबी सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को संभाला है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र रहे अधिकारी एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास रोटरी विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है।

## दुनिया भर में बढ़ रही है ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है और ऊर्जा खपत भी काफी कम है। भारतीय रेल्वे अपना नैटवर्क तेजी से बढ़ाना चाहता है और ट्रेनें की संख्या भी बढ़ाना चाहता है।

वंदे भारत ट्रेन को भारतीय रेल्वे की महत्वपूर्ण टैक्नीकल उपलब्धि माना जा रहा है। यह ट्रेन आधुनिक सुविधा सम्पन्न है, जैसे वाई फाई, जी.पी.एस., स्वचालित दरवाजे और आरामदायक सीटें, जिसकी वजह से विश्व के कई देशों को इनमें रुचि पैदा हो गई है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, गत दस सालों में रेल्वे ट्रैक में 31,000 किलोमीटर की वृद्धि हुई है और हमारा लक्ष्य इसमें 40,000 किलोमीटर की वृद्धि करने का है। वैष्णव ने बुलेट ट्रेन का ट्रैक बनाने पर भी जोर दिया और कहा कि काम पूरी रफ्तार से चल रहा है। सुरक्षा पर भी रेल्वे का पूरा ध्यान है। इसके लिए रेल्वे स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटैक्शन सिस्टम "कवच" स्थापित करने की तैयारी में है।

इसमें 40,000 किलोमीटर रेल्वे ट्रैक कवर होगा तथा 10,000 ट्रेनों में यह स्थापित होगा।

रेल मंत्री ने कहा कि कवच की स्थापना के बाद दुर्घटनाओं में 80 प्रतिशत तक कमी भी हो जाएगी और मानवीय गलतियों पर भी नज़र रखी जा सकेगी। रेल मंत्री ने कहा कि दस हजार ट्रेनों और 9,600 किलोमीटर ट्रैक के लिए टैंडर दिया जा चुका है।

मथुरा-पलवल और मथुरा-नागदा के 632 किलोमीटर लम्बे ट्रैक पर कवच स्थापित किया जा चुका है। कोटा-सवाई माधोपुर ट्रैक पर भी कवच स्थापित हो चुका है।

## ट्रैक्टर से टक्कर में कार सवार चार दोस्तों की मौत

नयी दिल्ली, 30 सितंबर। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा के सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 के पास हुए एक सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार देर रात करीब 2 बजे हुआ और पीड़ित दिल्ली के न्यू कोंडली के निवासी थे। अपर पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने हादसे में घायल हुए दिल्ली के न्यू कोंडली निवासी उत्तम की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मोदी ने इज़रायल के प्रधानमंत्री से बात की

## मध्य पूर्व एशिया में बढ़ते तनाव के बीच मोदी ने शांति और स्थिरता के प्रयासों का समर्थन किया

- **इज़रायल द्वारा लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और ठिकानों पर हमले लगातार जारी हैं। अमरीकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि पूर्ण युद्ध से बचना चाहिये।**

नयी दिल्ली, 30 सितंबर। मध्य पूर्व एशिया में तनाव इस वक्त चरम सीमा पर है। एक ओर इज़रायल है तो दूसरी ओर हमास, हिजबुल्लाह, यमन के हूती और फिर ईरान। इज़रायल की ओर से एक के बाद बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

हाल ही में इज़रायल ने हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह को भी मार गिराया है जिससे तनाव और ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे समय में अब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इज़रायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से बात की है। पीएम मोदी ने खुद इस बारे में ट्वीट कर के जानकारी साझा की है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर के जानकारी दी है कि उन्होंने पश्चिम एशिया में हालिया घटनाक्रम के बारे में इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की है।

पीएम मोदी ने कहा है कि हमारी दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दूसरी ओर इजरायल लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और उसके ठिकानों को निशाना बनाकर लगातार हमले कर रहा है। इज़रायल ने मध्य बेरूत में हवाई हमले किए हैं। खास बात ये है कि एक साल के संघर्ष में मध्य बेरूत में यह इजरायल का पहला हवाई हमला है।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा है कि वह इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करेंगे। बाइडन का मानना है कि पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध से बचा जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह नेतन्याहू से कब बात करेंगे।

## बी.एस.एफ. ने 9 माह में 153 पाकिस्तानी ड्रोन पकड़े

जालंधर, 30 सितंबर। सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) पंजाब ने पिछले नौ महीनों में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी संख्या में पाकिस्तानी ड्रोन, हेरोइन और घुसपैठियों को पकड़ा है।

बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को बताया कि बीएसएफ ने पिछले नौ महीनों में 153 से अधिक अवैध पाकिस्तानी ड्रोन, 190 किलोग्राम हेरोइन, 29 हथियार और 400 राउंड गोला-बारूद जब्त करके देश की सीमाओं की सुरक्षा में उल्लेखनीय प्रगति की है।

अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ के जवानों के सतर्क प्रयासों से 153 व्यक्तियों को भी पकड़ा गया।

# इलैक्टोरल बॉण्ड वसूली मामले में निर्मला सीतारमण को राहत मिली

## कर्नाटक हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ दायर मुकदमे में जाँच पर रोक लगाई

- **जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह अध्यक्ष ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नलीन कुमार कटील को आरोपी बनाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि चुनावी बॉण्ड की आड़ में 8,000 करोड़ रूपये का फायदा उठाया गया है।**

नयी दिल्ली, 30 सितंबर। इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को राहत मिल गई है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ मामले में जांच पर रोक लगा दी है। इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में उनके खिलाफ दायर मुकदमे पर 22 अक्टूबर तक रोक लगा दी गई है।

कर्नाटक भाजपा के पूर्व अध्यक्ष नलीन कुमार कटील ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 22 अक्टूबर तक कर्नाटक के पूर्व राज्य भाजपा अध्यक्ष नलीन कुमार कटील के खिलाफ दर्ज एफआईआर में आगे की जांच पर रोक लगा दी है।

इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में नलीन कुमार कटील सह-आरोपी हैं। इसी मामले में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने चुनावी बांड की आड़ में कुछ कंपनियों से जबरन वसूली की थी।

जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने निर्मला सीतारमण और नलीन कुमार कटील को आरोपी बनाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा उठाया। शिकायत में कहा गया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। आदर्श आर अय्यर के अनुसार चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था। उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में चुनावी बॉण्ड योजना को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि इससे सूचना के अधिकार और संविधान के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमानी' करार देते हुए 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया था कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉण्ड का पूरा विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपे।

न्यायालय ने आयोग को संबंधित विवरण 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया था।

**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय** : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, **जालोर कार्यालय** :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय** :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय** : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908